सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
04.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 25



12 रजनीकांत की फिल्म जेलर का ट्रेलर रिलीज

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### जिला स्कूल में लगी आग से भारी क्षति

रांची। जिला स्कूल में लगी भीषण आग पर काबू करीब पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद काबू पा लिया गया। आग की वजह से स्कूल को काफी नुकसान हुआ है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्कूल के चार कमरे में 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे वे पूरी तरह राख हो गये।

### कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को बृहस्पतिवार को सरकार ने 30 अगस्त, 2023 से आगे एक साल का विस्तार दिया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। यह उन्हें दिया गया तीसरा सेवा विस्तार है।

### खूंटी में डायन के शक में पत्नी को मार डाला

खूंटी। थाना क्षेत्र के लांदुप पंचायत के दातरोम बेड़ा टोला में एक पति ने अपनी ही पत्नी चरिया मुंडाइन (22) को डायन का आरोप लगा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मारंगहादा थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जातीय जनगणना के खिलाफ याचिका दायर

पटना/दिल्ली। पटना हाईकोर्ट द्वारा जातीय सर्वेक्षण के मामले में 1 अगस्त, 2023 को दिये फैसले को अखिलेश कुमार ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट की वकील तान्याश्री व अधिवक्ता ऋतु राज ने अखिलेश कुमार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया है।

### मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

कोलकाता। भारत के लिए वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेल चुके मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए रिटायरमेंट की जानकारी दी।

### कोसी के विकराल रूप से लोगों में दहशत

पटना। बिहार के खगड़िया जिले में स्थित बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के इतमादी के गांधीनगर में कोसी नदी का भीषण कटाव हो रहा है। इस कटाव की चपेट में आने से प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर धराशायी होने लगा है।

### मणिपुर में फिर हिंसा आंसू गैस के गोले छोड़े

मणिपुर। बिष्णुपुर जिले के कांगवई और फोउगाकचाओ इलाके में झड़पों के बाद सेना तथा त्वरित कार्रवाई बल (आरपीएफ) ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 17 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने कर्फ्यू में दी गयी ढील को वापस ले लिया है।

### फर्जी डिग्रीधारी 225 सहायक शिक्षक नपे

गिरिडीह। जिला शिक्षा विभाग ने फर्जी डिग्री पर 15 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी करनेवाले जिले के 225 जालसाजों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### राज्यपाल से मिलीं ब्रह्मकुमारी निर्मला

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 74,000 रु./प्रति किलो |

## परीक्षा संबंधी विधेयक सदन से पास, भाजपा ने फाड़ी बिल की कॉपी, वाकआउट

# नकल रुकेगी, स्थानीय को अधिक मौका : सीएम

**बिल के पक्ष में क्या बोले सीएम**

- सोच समझ कर नकल रोकने को लाया गया बिल
- भाजपा सदस्य पहले सभी प्रावधान पढ़ तो लें
- 20 साल तक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 को सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। इससे पूर्व सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के समर्थन में कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे। लेकिन, अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा। यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा के विधायकों को नसीहत देते हुए कहा कि विधेयक के उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिए। हमलोगों ने तो कड़ी सजा को बहुत कम किया है।

राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा पर उनलोगों ने यहां के युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ खिलवाड़ किया है। अब राज्य की नौकरियों में 20 फीसदी बाहरी ही घुस पा रहे हैं। बिल पर सीएम की सफाई पर विरोध करते हुए विपक्षी दल भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। बिल के सपोर्ट में सत्तापक्ष के विधायक भी वेल में आये। सदन का माहौल गरमा गया। इसके बाद विपक्षी विधायक विधेयक की काफी फाड़ दी और सदन से वॉक आउट कर गये।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से अब तक नियोजन को लेकर सवाल रहा है। जेएसएससी की गलतियों को छिपाने के लिए इस तरह के विधेयक को लाया गया है। जो छात्र परीक्षा व रिजल्ट की गलतियां निकाल कर लायेंगे, उन्हें डराने, धमकाने के लिए यह सब हो रहा है। यह छात्रों के लिए सुसाइड के समान है। नवीन जायसवाल के अनुसार यह हड़बड़ी में लाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### प्रवर समिति में भेजने की मांग


इस दौरान विधायक विनोद सिंह ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा विधेयक में करोड़ों रुपये तक के जुर्माना, कारावास बगैर जांच के जेल भेजे जाने जैसे मसलों को लेकर आपत्ति रखी। इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे छात्र ही इससे सबसे अधिक प्रभावित होंगे। वास्तव में नकल के मामले में राज्य में संगठित अपराध और गिरोह काम कर रहा है। छात्र ही इसके शिकार होते हैं। उन पर निगरानी की बात हो, बिना जांच के गिरफ्तारी और आईओ को असीमित अधिकार देना गलत है। इस विधेयक के लिए नियमावली बनी नहीं है। इसमें कई कमियां हैं। वैसे नकल रोकने की सरकार की चिंता लाजिमी है, पर मूल आशय कमजोर हो रहा है।



**...क्या बोले मुख्यमंत्री :** सीएम ने कहा कि इस विधेयक में सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र, जो भी कदाचार में शामिल होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।

### भाजपा ने कहा- यह काला कानून

इसके पहले विपक्षी विधायकों ने बिल की कॉपी भी फाड़ दी और इसे काला कानून बताते हुए सदन से वाकआउट किया। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह जल्दबाजी में लाया गया विधेयक है। इतिहास में यह काला कानून के रूप में जाना जायेगा। गड़बड़ी की सूचना देने वाले भी फंसेंगे। छात्र हित में इसे प्रवर समिति को भेजा जाये। लंबोदर महतो ने कहा कि जब राज्य में परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 लागू है, तो ऐसे विधेयक का मतलब क्या है। तकरीबन 40 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जो गरीब वर्ग से हैं। गरीब छात्र-छात्रा नौकरी का सपना रखता है, जाने अनजाने या सरकारी अफसरों के षडयंत्र में अगर वह फंसा तो बर्बाद हो जायेगा। इस विधेयक की धारा 23 और अन्य धाराएं इसे काला कानून बनाती हैं। जो आइओ होगा, बिना किसी आदेश के और वारंट के किसी को भी जेल भेज सकता है। जेपीएससी में वैसे एजेंसी को काम दिया गया है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड हैं, जिस पर आरोप है, एफआईआर है तो उसे चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



**भारी बारिश में बढ़ी दशम फॉल की खूबसूरती, उमड़े सैलानी :** झारखंड में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। रांची से महज 30 किमी दूर 144 फीट उंचाई से गिरते दशम फॉल का भी कुछ ऐसा ही हाल है। दशम फॉल में पानी की धार देख लोगों का मन रोमांचित हो रहा है। बारिश के पानी की अठखेलियां देखने लोग खुद को भारी बारिश में भी नहीं रोक पाये।

### पहले टी-20 में चार रन से हार गया भारत

त्रिनिदाद। भारत को पहले टी20 मुकाबले में अपने खराब बल्लेबाजी का खामियाजा फिर भुगतना पड़ा। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और शुभमन गिल की नाकामी के बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की वजह से भारत ने पहला मुकाबला 4 रनों से गंवा दिया। 150 रन का लक्ष्य भारत के लिए भारी रहा और डेब्यू करने वाले तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाये। अनुभवी संजू सैमसन भी कोई कमाल नहीं दिखा सके। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने पांच मैचों की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज के कप्तान रॉवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उन्होंने खुद शानदार बल्लेबाजी की और निकोलस पूरन ने विस्फोटक 41 रन बनाये। भारत को जीत के लिए 150 रनों का लक्ष्य दिया, लेकिन टीम इंडिया नौ विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी। डेब्यू करने वाले तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 39 रनों की पारी खेली।

(विस्तार से खेल पेज पर)

## श्रद्धांजलि सभा के बाद दलादली चौक पर लगी सुभाष मुंडा की प्रतिमा

# जन-जन के नायक, सिद्धांत के पक्के थे मुंडा : बृंदा करात

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी, रांची। नगड़ी के दलादिली चौक पर गुरुवार को युवा नेता सुभाष मुंडा की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में सबसे पहले दो मिनट का मौन धारण कर स्व मुंडा को श्रद्धांजलि दी गयी। सीपीआइएम पोलित ब्यूरो की सदस्य सह पूर्व सांसद बृंदा करात ने परिवार के साथ दलादिली चौक में स्थापित सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण करने के बाद सभी लोगों ने उस चौक का नाम सुभाष मुंडा चौक बनाने का ऐलान किया। श्रीमती करात ने कहा कि क्षेत्र के जन-जन के नायक की नृशंस हत्या से परिवार के साथ पार्टी और समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। वह नीति और सिद्धांत के बड़े पक्के थे।

(शेष पेज 11 पर)



सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करतीं बृंदा करात।

### हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

रांची। पुलिस ने सुभाष मुंडा हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू, बबलू व दो अन्य शामिल है। जानकारी के अनुसार हत्याकांड का मास्टरमाइंड छोटू बताया जा रहा है। उसी के इशारे पर ही सुभाष मुंडा की हत्या हुई है। छोटू मुंडा पूर्व अपराधी सरगाना रहे झींगा बॉस का बेटा बताया जा रहा है। जमीन विवाद में सुभाष मुंडा की हत्या हुई थी। यह विवाद चाय बागान के 93 डिसमिल जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा था। इसी विवाद के कारण छोटू ने सुभाष मुंडा को रास्ता से हटाने का प्लान बनाया और उसकी हत्या करा दी। हत्या के बाद छोटू भी सुभाष मुंडा की शव यात्रा में शामिल हुआ ताकि लोग उस पर शक न हो। छोटू, बबलू और सुभाष मुंडा सभी लोग एक साथ पहले जमीन का कारोबार करते थे, लेकिन कमीशन के खेल के कारण सब लोग अपना-अपना जमीन का कारोबार करने लगे थे। जिसके बाद वर्चस्व की जंग शुरू हुई, जो हत्या का कारण बना।

# नक्सलियों का आर्म्स सप्लायर पकड़ा गया

- झारखंड एटीएस ने बिहार से लालू पांडे को दबोचा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड एटीएस ने पीएलएफआइ और अपराधियों को हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलर प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बिहार के नालंदा जिले के पावापुरी इलाके से की गयी। प्रभाकर झारखंड-बिहार में अवैध आर्म्स डीलिंग में एक बड़ा नाम था। प्रभाकर न सिर्फ अपराधियों को आर्म्स सप्लाइ करता था वल्कि कई उग्रवादी संगठन भी उसी से हथियार लेते थे।

**नवादा-पावापुरी में मिला था लोकेशन :** संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस कार्रवाई तो कर ही रही है, अब उन्हें हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलरों पर भी एटीएस की टेढ़ी नजर है। हथियार तस्करों के खिलाफ भी अब झारखंड एटीएस ने जंग छेड़ दिया है। इस कड़ी में झारखंड-बिहार में आर्म्स सप्लाई करने वाले गिरोह से जुड़े प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को एटीएस ने धर दबोचा।

# रोक हटी, ज्ञानवापी परिसर में एएसआइ का सर्वे प्रारंभ

एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अहम फैसले में ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा वैज्ञानिक सर्वे कराने पर लगी रोक हटा दी है। न्यायालय ने जिला जज वाराणसी के पिछली 21 जुलाई के आदेश को बहाल कर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि पुरातत्व विभाग एवं एएसजीआई की ओर से हाईकोर्ट में

**दूसरा पक्ष गया सुप्रीम कोर्ट**

हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट कहा गया है कि सर्वे के दौरान ढांचे में किसी भी प्रकार से कोई नुकसान नहीं होगा। इस आशय का उन्होंने हलफनामा दाखिल किया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इससे कोर्ट को इस बयान पर संदेह करने का कोई कारण नही है। यह स्थापित विधि सिद्धान्त है कि अधीनस्थ अदालत किसी भी स्तर पर आदेश जारी कर सकती है।

उधर, उच्च न्यायालय के फैसले के बाद एएसआइ ज्ञानवापी परिसर में शुक्रवार से वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम फिर से शुरू करेगा। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने संवाददाताओं से कहा एएसआइ टीम ने जिला प्रशासन से मदद मांगी है और हम उन्हें सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# पाक आतंकमुक्त माहौल बनाये तभी वार्ता : भारत

एजेंसी

**शहवाज शरीफ को दो टूक जवाब**

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के वार्ता ऑफर पर भारत ने दो टूक शब्दों में कहा कि इसके लिए पहले पाकिस्तान को आतंकमुक्त माहौल बनाना होगा। बिना आतंकमुक्त माहौल के उसके साथ कोई भी बातचीत असंभव है। वहीं भारत ने कहा कि पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत के लिए आंतकमुक्त माहौल बनाना जरूरी है, क्योंकि उसकी कथनी और करनी में हमेशा फर्क रहता है। वहीं सीमा पार से आयी सीमा हैदर के साथ-साथ अंजू से जुड़े मामले पर विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि सीमा हैदर का मामले को एजेंसियां देख रही हैं। वहीं, भारत से पाकिस्तान गयी अंजू के मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बागची ने कहा कि अंजू का मामला विदेश नीति से जुड़ा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि अंजू निजी तौर पर पाकिस्तान गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

# सचेत रहें युवा, तभी डाइबिटीज से बचेंगे

## तनाव, जंक फूड, देर तक जगना, समय से भोजन नहीं लेना बीमारी का प्रमुख कारण

- हर घर में 10 में से तीन लोग डाइबिटीज से पीड़ित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। भारत आज डाइबिटीज का हब बन गया है। हर घर में दस में से तीन लोग डाइबिटीज से पीड़ित हैं। करीब चौदह करोड़ लोग इससे ग्रस्त हैं और यदि संयम का पालन नहीं किया गया तो आने वाले कुछ समय में यह संख्या दो गुनी हो जायेगी। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आज युवा पीढ़ी इस बीमारी की चपेट में आ रही है।




युवा हेल्थ कॉन्क्लेव में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक।

जंक फूड का प्रचलन, देर रात तक जागना, समय पर खाना नहीं खाना, साथ ही कैरियर को लेकर हमेशा तनाव में रहने के कारण युवाओं में डाइबिटीज तेजी से फैल रही है। ऐसे में जरूरी है कि युवा अपनी जीवनशैली सुधारें, नहीं तो वे डाइबिटीज, हाईपरटेंशन के शिकार होते जायेंगे।

उक्त बातें गुरुवार को सामाजिक संगठन आस्था फाउंडेशन की ओर से चलाये जा रहे वाक फार लाइफ मुहिम के तहत आयोजित युवा हेल्थ कॉन्क्लेव में सैकड़ों युवाओं को संबोधित करते हुए मशहूर मनोचिकित्सक डॉक्टर अतुल्य रंजन ने कही। कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग में किया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

### माननीयों के वेतन व सुविधाएं बढ़ेंगी

रांची। विधानसभा सदस्यों के वेतन, भत्ता और पेंशन के संबंध में गठित विशेष समिति ने अपना प्रतिवेदन विधानसभा पटल पर रख दिया है। समिति के संयोजक के रूप में भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने जो प्रतिवेदन दिया है उसके मुताबिक सदस्यों के वेतन को प्रतिमाह 40000 से बढ़ाकर 60000 करने का प्रस्ताव है। सवारी भत्ता को प्रतिमाह 3000 से बढ़ाकर 4000, क्षेत्रीय भत्ता को प्रतिमाह 65000 से बढ़ाकर 80000 रुपए, सत्कार भत्ता को 30000 से बढ़ाकर 40000 रुपए, गाड़ी खरीदने के लिए 4% ऋण पर 20 लाख रुपए को यथावत रखने का प्रस्ताव है।

# सभी सांसदों के भरोसा देने पर मान गये ओम बिरला

- आसन संभाला, कहा- ऐसे ही सदन चलाओ, अच्छा लगता है

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दो दिन बाद गुरुवार 3 अगस्त को दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही का संचालन किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने उनसे मुलाकात कर सदन की जिम्मेदारी संभालने के लिए मनाया। तब जा कर वह मान गये। विपक्षी सभी सांसदों ने एक सुर में सदन की मर्यादा रखने और आसन का सम्मान करने का आश्वासन दिया, तब जाकर स्पीकर कुर्सी पर आये। उनको देखते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। सदस्यों के स्वागत की बात सुनकर बिरला ने हंसते हुए कहा कि ऐसे ही सदन चलाओ, अच्छा लगता है।

गुरुवार को जब लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पर बहस के बाद गृह मंत्री अमित शाह सरकार का पक्ष रख रहे थे, तभी स्पीकर ओम बिरला सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे। दोनों पक्षों के सांसदों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अमित शाह ने भी विपक्ष के अच्छे मूड को लेकर चुटकी ली।

खबर एक नजर में

## ढुल्लू महतो ने अवैध कोयला खनन की सीबीआइ जांच की मांग की



**रांची।** भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद में हो रहे करोड़ों रुपये के कोयला खनन की जांच सीबीआई या ईडी से कराने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले में राष्ट्रीय संपत्ति की लूट माफियाओं द्वारा की जा रही है। अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। इस मामले में सरकार किसी भी स्तर से जल्द से जल्द जांच कराये।

## घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिए बने राष्ट्रीय नीति : चंद्रप्रकाश चौधरी

**रांची।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलकर घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने नई दिल्ली इसे लेकर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में घरेलू कामगार दिल्ली एवं अन्य शहरों में काम करते हैं। इनमें अधिसंख्य महिलाएं होंती हैं। ऐसे कई कामगार चौबीसो घंटे नियोक्ता के घर में रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षाए न्यूनतम मजदूरीए सामाजिक सुरक्षाए निबंधन आदि का लाभ देने के लिए राष्ट्रीय नीति बनानी आवश्यक है ताकि उसे पूरे देश में लागू किया जा सके। श्री चौधरी ने कहा कि ऐसे कामगार अधिसंख्य दलित और आदिवासी होते हैंए जिनकी सुरक्षा जरूरी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक रूप अपनाने की बात कही।

## वन विभाग में दो पदाधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** भारतीय वन सेवा के अधिकारी कुलवंत सिंह को प्रोन्नति देते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी बनाया गया है। इस पद का प्रभार देख रहे शशिकर सामंता को प्रोन्नति देते हुए प्रधान मुख्य संरक्षक सह कार्यकारी निदेशक बंजर भूमि के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री सामंता सीइओ झारपार्क के पद पर थे। इसके अतिरिक्त उनके पास अध्यक्ष प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का भी प्रभार है। वन विभाग ने अविरूप सिन्हा को डीएफओ सारंडा और मुकेश सिन्हा को डीएफओ चतरा दक्षिणी के पद पर पदस्थापित किया है।

### बाहें चढ़ा कर भाजपा विधायक लपके इरफान अंसारी की ओर, सदन में भारी हंगामा

# सदन में कान पकड़कर माफी मांगें इरफान : कुशवाहा शशिभूषण मेहता

### पक्ष-विपक्ष के बीच हाथापाई की नौबत के बाद गरमाये स्पीकर

उदय चौहान

**रांची।** मॉनसून सत्र के पांचवें दिन गुरूवार को सदन में अजीब स्थिति देखने को मिला। प्रथम पाली में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रमुख विपक्षी दल भाजपा की ओर से बाबूलाल मरांडी को जाति सूचक शब्द कहने के लिये कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी से माफी मांगने को लेकर शोरगुल होने लगा। विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा व नारेबाजी करना शुरू कर दिया। इसी बीच भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इरफान अंसारी के सीट की ओर कदम बढ़ाया और कुछ इशारा किया। इसके बाद इरफान अंसारी ने भी अपनी सीट से वेल की ओर कदम बढ़ाया। दोनों ओर से हाथापायी की नौबत देख कर



कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी

कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने बीच में आकर बचाव किया। इस दौरान स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने दोनों पक्षों को समझाने का भरसक प्रयास किया। हंगामा कम न होता देख स्पीकर ने शशिभूषण मेहता को डांट पिलायी और कहा कि यह सदन है, अखाड़ा नहीं। मर्यादा को तार-तार करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने मार्शल को निर्देश दिया कि कुशवाहा शशिभूषण मेहता को बाहर का रास्ता दिखायें। हालांकि, स्पीकर के निर्देश पर ही शशिभूषण मेहता



स्पीकर रवींद्र नाथ महतो

को मार्शल ने छोड़ भी दिया। हालांकि, हालात ऐसे हो गये कि स्पीकर अपने सीट से खड़े हो गये। दरअसल, मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, भाजपा विधायकों के निशाने पर रहे। एक वक्त ऐसा आया जब लगा कि मारपीट तक हो जायेगी। इरफान अंसारी पर भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता इस कदर आग बबूला थे कि बांह चढ़ाते हुए उनकी तरफ जा बढ़े। इसी बीच कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने शशिभूषण



भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता

मेहता को रोका। दरअसल, प्रश्नकाल शुरू होते ही व्यवस्था के तहत भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने 1 अगस्त को सदन में बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ अमर्यादित बात कही थी। इस कथन के लिए उनको सदन में कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिये। नहीं तो हम उनकी ऐसी की तैसी कर देंगे। इस पर स्पीकर ने कहा कि इरफान अंसारी अभी सदन में नहीं हैं। उनसे

**इरफान अंसारी की बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी हुआ था वायरल**

इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ कुछ ऐसी बातें कही थी, जिसका वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हुआ है।

बात की जायेगी। इधर, भाजपा के विधायक वेल में हंगामा कर रहे थे। इसी बीच इरफान अंसारी सदन में पहुंचे तो शशिभूषण मेहता उनको देखते ही भड़क गये। उन्होंने कहा कि इधर आओ तुमको बताते हैं। तब स्पीकर ने चेतावनी दी कि वह ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने मार्शल अलर्ट भी कर दिया। स्पीकर ने अविलंब शशिभूषण मेहता को अपने आसन पर जाने को कहा। इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि इरफान अंसारी ने जो कहा था, उस पर वह माफी मांगेंगे। लेकिन भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने जिस तरह की हरकत की है, वह बेहद गंभीर है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। तब माहौल को देखते हुये इरफान अंसारी ने सदन में सफाई दी उन्होंने कहा कि यह घटना 1 अगस्त की है, वह आदिवासी समाज के हितेषी हैं। फिर भी अगर बातों से किसी को ठेस पहुंची है तो इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने ही आदिवासी के मुंह पर पेशाब किया था। यह लोग उस बात को उठा रहे हैं, जिसको उसी दिन सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि मॉनसून सत्र के पांचवें दिन सदन में संसदीय लोकतंत्र की परंपरा को तोड़ने का काम किया गया। इसके पहले झारखंड विधानसभा में इस तरह के दृश्य देखने को कभी नहीं मिले थे। स्पीकर ने सदस्यों को सदन में मर्यादा के साथ व्यवहार करने का पाढ़ पढ़ाया। बावजूद इसके पक्ष-विपक्ष दोनों ओर के विधायक सिर्फ हंगामा करने में ही व्यस्त दिख रहे हैं।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अपील पर बहस 17 अगस्त को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। वहीं सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है।



### टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 को

**रांची।** आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि आरोपी विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/ 2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर एनआईए ने अपने हाथों में लेकर केस दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट है, ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं।

दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है। जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

### एफएमटी विभाग चल रहा है एक चिकित्सक के भरोसे : मथुरा महतो

**रांची।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने धनबाद जिले के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सक के 06 रिक्त पदों पर चिकित्सकों को पदस्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने शून्यकाल में सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय के एफएमटी विभाग; पोस्टमार्टम विभागद्ध में केवल एक ही चिकित्सक डॉ विनीत पी तिग्गा पदस्थापित हैं। उन्होंने कहा कि पदस्थापित चिकित्सक को धनबाद के साथ गिरिडीह जिला का भी पोस्टमार्टम विभाग देखना पड़ता है। साथ ही, उन्हें न्यायिक कार्यों में भी व्यस्त रहना पड़ता है। इस वजह से पोस्टमार्टम में अनावश्यक विलंब होता है। इससे लोगों पर भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने शीघ्र रिक्त पदों पर चिकित्सकों को पदस्थापित करने की आवश्यकता जताई।

## झारखंड कोयला खदानों की नीलामी में चौथे नंबर पर रहा झारखंड, मिले 130 करोड़

कोयला मंत्रालय से 6 राज्यों को मिले 704 करोड़, 199 करोड़ के साथ ओडिशा पहले स्थान पर रहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश के छह राज्यों में हुए कोयला खानों की निलामी में कोयला मंत्रालय को 704 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। कोयला मंत्रालय ने नीलामी से प्राप्त राशि को सभी छह कोयला धारक राज्यों को आवंटित कर दिया। इसमें पहले नंबर पर 199 करोड़ 81 लाख 43 हजार 795 रुपये के साथ ओडिशा है। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे नंबर पर है। झारखंड को कोयला खदानों की नीलामी से 130 करोड़ 99 लाख 10 हजार 684 राजस्व की प्राप्ति हुई। नीलामी राशि आवंटन में झारखंड चौथे नंबर पर रहा है।

कोयला मंत्रालय ने नीलामी से आवंटित राशि को सभी छह राज्यों, जिसमें छत्तीसगढ़,



झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह राशि राज्यों में हो रहे विकास कार्य पर खर्च होंगे। सभी छह राज्यों के 18 कोयला खदानों की नीलामी हुई। नीलामी से प्राप्त होने वाली कुल राशि का 704 करोड़ पहली किस्त है। नीलामी में बोली लगाने वाली सभी सफल कंपनियों ने राशि की पहली किस्त जमा कर दी है। बोली लगाने वाली कंपनियों को तीन बार में पूरी राशि जमा करने का निर्देश गया है। मंत्रालय के अनुसार, दूसरी और तीसरी किस्त सीधे कंपनियों द्वारा राज्य सरकार के खाते में जमा किया जाएगा।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, नीलामी से प्राप्त राशि राज्य सरकारें विकास और बुनियादी ढांचों को मजबूत करने पर खर्च कर सकती हैं। इसके साथ ही शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाओं को भी बढाने में राशि का उपयोग हो सकेगा। नीलामी राशि के अलावा राज्यों में एक बार कोयला संचालित होने पर, कंपनियों द्वारा मासिक प्रीमियम और रॉयल्टी भी राज्य सरकार के खाते में जमा किया जाएगा।

**किस राज्य को कितनी मिली राशि**

ओडिशा- 1998143795
मध्यप्रदेश- 1888592781
छत्तीसगढ़- 1471830625
झारखंड- 1309910648
महाराष्ट्र- 187500000
पश्चिम बंगाल- 187500000

कुल राशि- 7043477885

## कुरमी-कुड़मी, घटवार, तेली को एसटी सूची में करें शामिल : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से छोटानागपुर की कुरमी-कुड़मी, उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार तथा तेली ;कोल्ह को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने की वकालत की है। उन्होंने गुरूवार को शून्यकाल में पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में में प्रस्ताव संख्या ;1 में छोटानागपुर की कुरमी- कुड़मी, उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार ;घटवाल एवं राज्य की तेली ;कोल्ह को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी, कहार को



अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने का निर्णय का लिया गया था। बावजूद इसके इस मामले पर अब तक राज्य सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। सदन के माध्यम से राज्य सरकार से हमारी यह मांग है की इस विषय पर राज्य सरकार तत्काल सकारात्मक रूप से कदम उठाये।

### कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर सरकार ने स्वीकारा

## झारखंड में 13 हजार जलाशय इस्तेमाल लायक नहीं, 560 जलाशय पूरी तरह अतिक्रमित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर स्वीकारा कि राज्य के 13 हजार जलाशय इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। झारखंड के 1.07 लाख जल स्त्रोत में से मानव निर्मित 13 हजार जलाशय इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। जबकि 560 जलाशय पूरी तरह अतिक्रमित हो चुके हैं।जल संसाधन विभाग ने यह बात स्वीकार की है। दरअसल, विधायक प्रदीप यादव ने पूछा कि इन जलाशयों के जीर्णोद्धार और



अतिक्रमण मुक्त करे के लिए सरकार की क्या योजना है। इस पर विभाग की ओर से बताया गया कि जल संसाधन विभाग के वृहद और मध्यम सिंचाई योजना के तहत 56 जलाशय योजना चल रहे हैं। जो अतिक्रमण मुक्त और क्रियाशील हैं। लघु सिंचाई विभाग से संबंधित जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है और आगे भी किया जायेगा।

**अंचलों, रजिस्ट्री ऑफिसों में सालों से जमे हैं कई कर्मी**

राज्यभर के ब्लॉक ऑफिस, रजिस्ट्री ऑफिस समेत कई विभागों में कई कर्मचारी 5-6 सालों से एक ही जगह पर पदस्थापित हैं। विधायक बिरंची नारायण के पूछे सवाल पर राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने यह स्वीकार किया है। भाजपा विधायक ने पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों की ट्रांसफर.पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार करने का प्रावधान है। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है। इस पर विभाग की ओर से बताया गया है कि जरूरत के मुताबिक कार्यहित में कर्मियों की ट्रांसफर.पोस्टिंग जिला स्थापना स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के मुताबिक होता है।

### सोनिया-राहुल के इशारे पर कांग्रेस विधायक कर रहे आदिवासी समाज का अपमान : आशा

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा है कि सोनिया-राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासी समाज का अपमान कर रहे हैं। वह गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी द्वारा दिए बयान कांग्रेस की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है। लेकिन, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। उनके बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही



जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो न तो आदिवासियों की हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। इसलिए आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर आदिवासी विरोधी राजनीतिक पार्टियों को झारखंड की सत्ता से बेदखल करें। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक व अविनेश कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा के लिए गले की हड्डी बन गयी है जेपी पटेल का प्रतिपक्ष के नेता पद की दावेदारी

आजसू की भी बढ़ी परेशानी, एनडीए में पड़ सकता है दरार, भाजपा पसोपेश में, मामला केंद्रीय नेतृत्व के पाले में

राजेश सिंह

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता का मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया गया है। अनुमान लगाया जा रहा था कि यह मामला चलते सत्र के दौरान भाजपा तय कर लेगी, लेकिन सत्र समाप्ति की ओर है और इसको लेकर अभी कोई सुगबुगाहट नजर नही आ रहा है। कारण है प्रतिपक्ष के नेता पद पर पार्टी विधायक जेपी पटेल की दावेदारी का। जैसे ही जेपी पटेल ने इस पद को लेकर अपनी दावेदारी पार्टी के समक्ष रखी। दिल्ली जाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले तो राज्यभर में चर्चा शुरू हो गयी, वैसे ही पूरा मामला विवादित हो गया। पार्टी के अधिकांश विधायकों ने इसका विरोध किया। उधर झारखंड में भाजपा के प्रमुख घटक दल आजसू की भी परेशानी बढ़ गयी, तब पार्टी नेतृत्व को समझ में आ गया कि पासा उल्टा पड़ गया है। ऐसे में यदि जेपी पटेल को प्रतिपक्ष का नेता बनाया जाता है, तो संगठन और विधायकों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी और यदि नही बनाया गया, तो महतो समाज नाराज हो जायेगा। स्थिति यह है कि भाजपा पूरी तरह से इस भंवर में फंस चुकी है। उसे न उगलते बन रहा है और न ही निगलते।

**दो पूर्व मुख्यमंत्री ने भी जेपी के नाम की अनुशंसा की :** दरअसल जब बाबूलाल मरांडी को प्रदेश का कमान दिया गया, तो प्रतिपक्ष के नेता पद को लेकर लॉबिंग शुरु हो गयी। कई दावेदार सामने आये। इसमे प्रमुख रूप से सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, विरंची नारायण, अमर बाउरी आदि का नाम सामने आया। इसी बीच जेपी पटेल दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले और अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी। जानकारी के अनुसार भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी जेपी पटेल के नाम की अनुशंसा की है, जिससे उनकी दावेदारी और भी मजबूत हो गयी। इसके बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर दिल्ली से दो पर्यवेक्षक रांची आये। विधायकों के साथ इसको लेकर रायशुमारी शुरू की, तो विधायकों ने एक स्वर से जेपी पटेल के नाम का विरोध कर दिया। नियमानुसार विपक्ष का नेता वही बनेगा, जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है। इस दल के विधायक पहले विधायक दल के नेता चुनेंगे और वही विपक्षी दल का नेता बनेगा, लेकिन बढ़ते विरोध को देखते हुए दोनो पर्यवेक्षक बिना कोई निर्णय लिये दिल्ली वापस लौट गये।

**कुरमी समुदाय का कोई बड़ा नेता भाजपा के पास नही है :** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा कुरमी वोटरों को साधने के प्रयास में जुट गयी है। ऐसे में पार्टी के कई नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को सलाह दिया कि झारखंड कुरमी बहुल इलाका है। यहां काफी संख्या में कुरमी वोटर हैं। यदि उन वोटरों को भाजपा के पक्ष में करना है, तो जेपी पटेल का दांव सटिक साबित हो सकता है। दरअसल भाजपा के पास फिलहाल कुरमी समुदाय का कोई कद्दावर नेता नहीं है। रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो जैसे कुरमी नेता पहले ही पार्टी से दरकिनार कर दिये गये हैं। ऐसे में यदि जेपी पटेल को पद नहीं दिया गया, तो इस समुदाय में गलत संदेश जायेगा, जिसका खामियाजा पार्टी को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

**आजसू को होगी राजनीतिक क्षति**

आजसू पूरे झारखंड में कुरमी बहुल इलाकों मे ज्यादा सक्रिय व मजबूत है। ऐसे में भाजपा यदि जेपी पटेल को विपक्ष का नेता बनाकर कुरमी कार्ड खेलती है, तो स्वभाविक है कि आजसू में नाराजगी बढ़ेगी। दरअसल आजसू एनडीए फोल्डर के तहत राज्य के कुरमी वोटरों को साधने की जिम्मेवारी अपने कंधों पर लिये हुए है। ऐसे में भाजपा की यह रणनीति एनडीए के रिश्तों पर दरार पैदा कर सकती है। इससे पूर्व भी भाजपा और आजसू के रिश्ते में सीटों के बंटवारा को लेकर खटास पैदा हुआ था, जिसका खामियाजा 2019 के चुनाव में भाजपा को उठाना पड़ा और इस कारण उसे सत्ता से बाहर रहना पड़ा।

ऐसे में भाजपा के समक्ष ऐसी परिस्थिति पैदा हो गयी है कि उसे न तो निगलते बन रहा है और न ही उगलते। जेपी पटेल का मामला ऐसा हो गया है कि एक तरफ पार्टी के विधायकों का विरोध, दूसरी तरफ आजसू की नाराजगी और इस बीच राज्य में एनडीए के रिश्तों का खतरा। यह तो वक्त ही बतायेगा।

### राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कौशल विकास से संबंधित सवाल पूछे

कौशल विकास का उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विस्तार तथा उद्योग के लिए युवा प्रतिभा तैयार करना है : राजीव चंद्रशेखर

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालयसे केंद्र सरकार के द्वारा राज्यो को की जाने वाली मदद, कौशल विकास की श्रेणी, विषय एवं कितने मंत्रालयों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम का समन्वय से सम्बंधित जानकारी मांगी। इस पर उद्यमशीलता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार के कुशल भारत मिशन का उद्देश्य कौशल, पुनः कौशल और कौशल उन्नयन करना है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ आने वाले वृहत्त संख्या में अवसरों के लिए तैयार हैं ।भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। एसआईएम का उद्देश्य युवाओं में भावी और उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि एसईएम के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रधान मंत्री कौशल विकास योजनाए जन शिक्षण संस्थानए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्किमए और आईटीआई के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्किम के तहत कौशल विकास केंद्रों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश में समाज के सभी वर्गों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है।

# लगातार बारिश ने किसानों के चेहरे पर लायी खुशी, रोपनी का काम शुरू


धुवा डैम के समीप







खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाल की खाड़ी के बना डीप डिप्रेशन का सिस्टम एक अगस्त से राज्य में अच्छी वर्षा कराते हुए अब छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके कमजोर पड़ कर डिप्रेशन में तब्दील होने और झारखंड से दूर जाने की वजह से गुरुवार से राज्य में वर्षा में कुछ कमी आयी है।

पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। जबकि कुछ स्थानों पर भारी वर्षा तथा कहीं-कहीं बहुत भारी वर्षा भी दर्ज किया गया। राज्य में मॉनसून गतिविधि सक्रिय रही। सबसे अधिक वर्षा 161.4 मिमी बांसजोर सिमडेगा में दर्ज किया गया। वहीं, कुरडेग में 150.8 मिमी, बोलबा व पकड़टांड़ में 140 मिमी, ठेठईटांगड़ में 130.6 मिमी, सिमडेगा में 129 मिमी, केरसई में 123 मिमी, बानो में 106.2 मिमी, घुरकी में 92.5 मिमी, मनोहरपुर में 85.2 मिमी, कोलेबिरा में 85 मिमी, रनिया में 78 मिमी, भवनाथपुर में 74.5 मिमी, खूंटी में 73.2 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है।

मौसम केंद्र रांची के कार्यकारी निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार इस सिस्टम की वजह से पिछले 24 घंटें में अच्छी वर्षा राज्य में हुई है। कहीं कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की भी सूचना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस सिस्टम की वजह से बुधवार को भी गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, रांची, बोकारो, चतरा में बहुत अच्छी बारिश होने की जानकारी मिली है। मौसम केंद्र के अनुसार झारखंड के ऊपर से गुजर रहे डीप डिप्रेशन के सिस्टम की वजह से 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से हवा भी चली।

मौसम केंद्र रांची ने अपने ताजा मौसम बुलेटिन में झारखंड के ऊपर से गुजर रहे डीप डिप्रेशन के कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल जाने की जानकारी दी है। झारखंड के ऊपर गहरे दबाव की वजह से 20 किमी प्रति घंटे की गति के सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ा है।

**अच्छी वर्षा से स्थिति में सुधार के संकेत** : मौसम केंद्र रांची के अनुसार पिछले दो दिनों से राज्य में अच्छी वर्षा की वजह से वर्षापात अब माइनस 39 फीसदी से घटकर माइनस 36 प्रतिशत रह गया है। 01 जून से लेकर 03 अगस्त तक राज्य में सामान्य वर्षापात 538.7 एमएम की जगह 344.7 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 36 प्रतिशत कम है। मौसम केंद्र के अनुसार अच्छी वर्षा की वजह से खेत में रोपनी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा वहीं भूगर्भ जल का स्तर भी बढ़ेगा।


रिंग रोड के समीप


रातु रोड




तस्वीरें समीर की

# जिला स्कूल में आग से भारी क्षति, पांच घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया, कोई हताहत नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जिला स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया। कोतवाली पुलिस और दमकल कर्मियों ने कठिन परिस्थितियों में रास्ता बना कर स्कूल में लगी आग पर काबू पाया। इस अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान हुआ है। स्कूल के चार कमरे जिसमें 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे, पूरी तरह से जलकर राख हो गये। राहत की बात है कि इस अगलगी में बच्चों और शिक्षकों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**अफरा तफरी :** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित जिला स्कूल में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गयी। इस अगलगी में स्कूल के चार कमरे पूरी तरह से जल गये। स्कूल का सीढ़ी घर भी आग में स्वाहा हो गया। जिला स्कूल की बिल्डिंग आजादी के पहले की बनी हुई है। जिसमें इमारती लकड़ियों का बहुत ज्यादा प्रयोग किया गया है, इस वजह से आग की लपटें बेहद तेज गति से फैली और देखते ही देखते स्कूल के चार कमरे को अपने चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह से एक तरफ भगदड़ मची हुई थी। वहीं दूसरी तरफ कोतवाली पुलिस और दमकल के कर्मी आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश करने में लगे रहे। किसी तरह 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल के पांच वाहनों ने आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल के वाहनों को बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। क्योंकि जिला स्कूल का गेट छोटा होने की वजह से दमकल के वाहन अंदर नहीं जा पा रहे थे। दमकल के वाहनों को बड़ी मुश्किल के साथ गेट के अंदर लाया गया और फिर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। गनीमत थी कि आग लगते ही स्कूल के सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।





## सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया

गुरुवार सुबह स्कूल की कक्षाएं जैसे ही शुरू हुई, वैसे ही बच्चों ने क्लास की खिड़की से धुआं उठते हुए देखा। बच्चों ने तुरंत मामले की जानकारी शिक्षकों को दी। शिक्षकों ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को स्कूल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्कूल प्रबंधन की ओर से मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी।

**कुर्सी, डेस्क प्रोजेक्टर राख :** इस अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्कूल का सीढ़ी घर और कक्षा 6 के चार कमरे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गए। जिसकी वजह से कमरों में मौजूद प्रोजेक्टर, कुर्सी और डेस्क पूरी तरह से जल गए।

## परिसर में नशेड़ियों का लगा रहता है जमावड़ा

आगलगी के दौरान आसपास के लोगों के साथ जिला स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल बंद होने के बाद साइकिल स्टैंड की तरफ नशेड़ी किस्म के युवकों के द्वारा अड्डेबाजी की जाती है। वह सीढ़ी वाले स्थान पर ही बैठकर गांजा सिगरेट पीते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने आशंका जताई है कि आग लगने की वजह भी गांजा और सिगरेट ही है। पुलिस प्रशासन और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाकर राहत की सांस ली है।

# संजीवनी बिल्डकॉन फजीर्वाड़ा मामले में नगड़ी के तत्कालीन दो सीओ की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संजीवनी बिल्डकॉन फजीर्वाड़ा मामले में आरोपी रांची के नगड़ी अंचल के तत्कालीन दो सर्किल ऑफिसर (सीओ) ओम प्रकाश यादव एवं कृष्ण कुमार की क्रिमिनल रिवीजन झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने रांची के नगड़ी अंचल के तत्कालीन सीओ ओम प्रकाश यादव एवं कृष्ण कुमार की अलग-अलग दायर तीन याचिकाओ को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, इन दोनों तत्कालीन सर्किल ऑफिसर पर आरोप था कि इन्होंने अपने सीईओ पद का दुरुपयोग करते हुए रकबा से ज्यादा जमीन का म्यूटेशन किया। साथ ही संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुंचाया। सीबीआई ने इनके खिलाफ एक ही मामले में तीन-तीन प्राथमिकी दर्ज किए थे। इन दोनों तत्कालीन सीओ की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज तीनों केस को निरस्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। कृष्ण कुमार और ओम प्रकाश यादव के तीन- तीन केस पर बहस हुई थी। सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। वहीं कृष्ण कुमार की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण, कृष्ण कुमार एवं जयशंकर तिवारी ने पैरवी की थी।

## पंकज मिश्रा समेत पांच की हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लॉउन्ड्रिंग करने के आरोपी मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत पांच की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने बढ़ा दी है। ईडी कोर्ट में जेल में बंद आरोपी बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश, पशुपति यादव एवं कृष्णा साहू को पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 16 अगस्त निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से अब तक दो गवाही दर्ज कराई है। मामले में गवाह के नहीं आने के कारण आगे गवाही नहीं हो सकी। अगली निर्धारित तारीख को गवाही होगी। मालूम हो कि पंकज मिश्रा पिछले एक साल से अधिक समय से जेल में है। वर्तमान में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। वही, प्रेम प्रकाश 25 अगस्त से जेल में है।

# स्वामित्व योजना के मानचित्रों का राज्य सरकार करे उपयोग : मंत्री

### सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अवैध कब्जे के रिकॉर्ड से संबंधित पूछे सवाल


सांसद आदित्य साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का अतिक्रमण और विवाद मामले में स्वामित्व योजना के मानचित्रों का राज्य सरकार उपयोग करे। दरअसल, सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में उक्त सवाल पूछा था। पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण योजना को कानूनी स्वामित्व अधिकार जारी करने के साथ साथ गांवो के आबादी क्षेत्रों में घरों वाले ग्रामीण गृह स्वामियों को अधिकार का रिकॉर्ड प्रदान करने केलिए पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों से कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूखंडों की मैपिंग की जाती है। उन्होंने बताया कि भूमि राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची का हिस्सा है। इसलिए यह राज्य सरकार पर निर्भर है कि वे अवैध कब्जा या अतिक्रमण के तहत भूमि की पहचान करने और किसी भूमि विवाद को निपटाने केलिए स्वामित्व योजना के अंतर्गत बनाए गये मानचित्रों का उपयोग करे।

## खबर एक नजर में

### गढ़वा जिला परिषद के सदस्यों ने सीएम से भेंट की



**रांची।** विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में हेमन्त सोरेन से गुरूवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला परिषद, गढ़वा के सदस्यों ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को और सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और सदस्य अर्चना प्रकाश, शर्मा रजनी, शंभू चंद्रवंशी, धर्मराज पासवान और अजय चौधरी शामिल थे।

### आरकेडीएफ विवि के विद्यार्थियों ने सीएम से भेंट की



**रांची।** विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में हेमन्त सोरेन से गुरूवार को शैक्षणिक भ्रमण पर आये आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा पीढ़ी पर देश और राज्य का भविष्य निर्भर करता है आप सभी ने आज लोकतंत्र के मंदिर कहे जाने वाले विधानसभा की कार्यवाही देखी।

### झारखंड एकता मंच का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**रांची।** विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में हेमन्त सोरेन से गुरूवार को झारखंड एकता संघ, मुंबई के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिये कार्य कर रहे हैं। झारखंड के विकास एवं तरक्की में हर संभव सहयोग करने के इच्छुक हैं । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंडी एकता संघ की पत्रिका अब दिखेगा खबर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट, राजेश शर्मा, ताज हसन और असलम अंसारी विशेष रुप से शामिल थे।

# चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल कैद की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार की अदालत ने छह लाख रुपये के चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में टाटीसिल्वे के विभाकर नाथ मिश्रा को दोषी पाकर एक साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 12 लाख रुपये का हर्जाना भी लगाया गया है। हर्जाने की राशि शिकायतकर्ता हेहल के विकास नगर निवासी मुरलीधर पाठक को भुगतान किया जायेगा। छह लाख रुपये चेक बाउंस के आरोप में 2017 में मुरलीधर पाठक ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा किया था। विभाकर नाथ मिश्रा ने 25 मार्च 2013 को रियल एस्टेट व्यवसाय में निवेश करने के लिये मुरलीधर से 12 लाख रुपये दोस्ताना कर्ज लिया था। दोनों एक दूसरे से अच्छी तरह से परिचित है। जब कर्ज की राशि वापस मांगी तो आरोपी ने दो चेक दिया था। इसमें से एक चेक बाउंस कर गया। इसके बाद मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई के दौरान दो गवाही दर्ज की गई थी। जिसके आधार पर सजा सुनाई गई है।

## प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

# प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर बिना एफआइआर के जेल में डाल देगी सरकार : आजसू

- छात्र विरोधी है यह काला विधेयक : आजसू।
- सरकार इस कानून से युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है।
- कानून से सरकार की नियत का पता चलता है, सरकार तानाशाही पर उतर आई है।

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 के विरोध में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने फिरायालाल चौक पर राज्य सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर आजसू छात्र संघ के नीरज राम ने इस विधेयक को छात्र विरोधी बताते हुए कहा कि छात्र कदाचार मुक्त परीक्षा तो चाहते हैं लेकिन ये नहीं चाहते कि जब प्रतियोगिता परीक्षा में गड़बड़ी हो तो इस कानून के डर से वो आवाज भी ना उठा सकें। इस विधेयक के माध्यम से सरकार छात्रों की आवाज को लाठी डंडे के बल पर दबाना चाहती है। छात्र हित के विपरीत आए इस विधेयक का अखिल झारखंड छात्र संघ पुरजोर विरोध करती है।

उन्होंने इस कानून की खामियां बताते हुए कहा कि इस कानून से सरकार छात्र से विरोध करने के हक को छीन रही है। पहले भी राज्य में कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ हमने आवाज उठाई है और नतीजन उन परीक्षाओं के परीक्षाफल या नोटिफिकेशन में सुधार,बदलाव यहां तक कि परीक्षा रद्द भी हुए है लेकिन इस विधेयक के लागू होने से अब कोई छात्र किसी भी तरह का विरोध नहीं कर पाएगा। अगर यह कानून कुछ महीने पहले लागू हो जाता तो न जाने कितने छात्र आज जेल में होते।

आजसू के नीतीश ने कहा कि सरकार को प्रतियोगिता परीक्षा में सीटों के बंदरबांट करने में सुविधा हो और फिर उसके खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाए इसलिए यह कानून लाया गया है। इस कानून के अनुसार बिना एफआईआर दर्ज किए आवाज उठाने वाले छात्र पर केस दर्ज करने और उसे गिरफ्तार करने की छूट है। इस राज्य में कई आंदोलन सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुए और इसके आधार पर बड़े बदलाव भी हुए हैं। लेकिन इस कानून के अनुसार झूठा और भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में भी केस दर्ज होने की बात है इसका असर यह होगा कि अब कोई भी युवा प्रतियोगिता परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ जेल जाने के डर से सोशल मीडिया में भी कुछ नहीं लिख पाएगा। जिस भी विद्यार्थी पर केस दर्ज होगा वो दो साल से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएगा और सजा होने पर दस साल तक परीक्षा से दूर कर दिया जाएगा। इस कानून के आने के बाद छात्र को जेल जाने के साथ साथ आर्थिक दंड का भी समाना करना पड़ेगा। कानून से सरकार की युवाओं के प्रति नियत का पता चलता है, सरकार तानासाही पर उतर आई है।

इस अवसर पर नीरज , नीतीश, अभिषेक, राहुल , रोहित, विशाल, प्रवीण , विक्रम, रूपेश, मजीत के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# झारखंड में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित : सुदेश महतो

## मिलन समारोह में कई छात्र और युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि युवा नयी सोच नयी ऊर्जा के प्रतीक हैं। सिर्फ उम्र के आधार पर युवाओं को परिभाषित नहीं करें।

उन्होंने कहा- आप दोहरी जबाबदेही के लिए आगे आए हैं। आपमें अपनी और भावी पीढ़ी की चिंता है। पार्टी जवाबदेही लेने की चाहत रखने वालों के लिए अवसर है। सभी युवाओं के साथ मिलकर हमारी पार्टी प्रदेश को आदर्श वातावरण देगी। राज्य में केजी से पीजी में पढ़ने वाले सभी परेशान हैं। पीजी में पढ़ने वाले नौकरी के लिए और केजी में पढ़ने वाले शिक्षक के लिए। झारखंड सरकार इस प्रदेश के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है।



आजसू के मिलन समारोह में बोलते पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो।

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। प्रदेश के 60 प्रतिशत विद्यालय सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। जिस वजह से बच्चों की पढ़ाई छूट जा रही है। अगर इस कमी के बावजूद बच्चे दसवीं तक की पढ़ाई पूरी कर लेते हैं तो आगे की पढ़ाई के लिए सही व्यवस्था नहीं होने के कारण उन छात्रों का पढ़ाई करने का लय टूट जा रहा है, जिसके चलते वो आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। सरकार को एक भी छात्र छूटे न और एक भी छात्र टूटे न, इस सोच के साथ काम करना चाहिए।

इस अवसर पर पार्टी में शामिल होने वाले पीएचडी छात्र सचिन भगत ने कहा कि युवाओं को लोग बरगलाते हैं। मैंने बहुत सोचा समझा। विभिन्न पार्टियों को जानने के बाद आज गुरुवार को आजसू में शामिल हो रहा हूं। आजसू पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रही है और पार्टी के मूल मंत्र हमारा प्रयास सामाजिक न्याय और विकास ने भी मुझे बहुत प्रभावित किया है। आज की स्थिति को देख कर युवाओं में काफी आक्रोश है और आजसू पार्टी युवाओं के आक्रोश को एक मंच दे रही है।

आजसू मिलन समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, केंद्रीय सचिव तरुण गुप्ता, आजसू छात्र संघ के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष गद्दधार महतो, ओम वर्मा, रोशन सेठ, नीतीश सिंह समेत कई युवा उपस्थित रहे।

### इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता

मंटू मुर्मू, रोहित भगत, कुलदीप भगत, शिव उरांव, दीपक उरांव, प्रकाश उरांव, फरहान, प्रमिल उरांव, रमेश उरांव, आकाशदीप उरांव, गौतम उरांव, धनंजय मरांडी, सम्प्रकाश मुर्मू, पंचम मुंडा, छोटू टोप्पो, संतोष उरांव, अमित टोप्पो, शिव कुजूर, प्रकाश टोप्पो, पुरुषोत्तम उरांव,बिमल चंद उरांव, राकेश्वर गोप, विजय उरांव, महावीर उरांव, कर्मचंद उरांव, मुकेश उरांव, विकास उरांव एवं अन्य।

# अस्पतालों में स्तनपान नीति पर सख्ती से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत : डॉ राघवेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर यूनिसेफ ने गुरूवार को स्तनपान के महत्व पर मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य अधिकारियों और समुदाय के सदस्यों के अलावा मीडियाकर्मियों ने हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित डॉ. राघवेंद्र नारायण शर्मा, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं सह नोडल अधिकारी, बाल स्वास्थ्य, झारखंड ने कहा, कि स्वास्थ्य सुविधाओं को अस्पतालों में स्तनपान नीति पर सख्ती से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। साथ ही नर्सों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। यह भी महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य कार्यकताओं के साथ-साथ विज्ञापन कंपनियां, समुदाय के सदस्य तथा मीडिया इसे कार्यान्वित करने में अपनी भूमिका अदा करें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए यूनिसेफ की कम्यूनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट, आस्था अलंग ने बैठक के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा, विश्व स्तनपान सप्ताह, दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से स्तनपान के प्रति जागरूकता, इसके प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष के स्तनपान. सप्ताह का थीम, कामकाजी माता-पिता के लिए स्तनपान को प्रोत्साहन तथा जन्म के पहले घंटे के भीतर विशेष स्तनपान है, जो कि लोगों को स्तनपान और पालन-पोषण के संबंध में कामकाजी माता-पिता के ष्टिकोण के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। बच्चों के लिए शुरूआती स्तनपान के लाभों को लेकर तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए, यूनिसेफ के पोषण विशेषज्ञ, प्रीतीश नायक ने कहा, बच्चों, माताओं तथा समाज के लिए स्तनपान के लाभ व्यापक हैं। स्तनपान माँ से नवजात शिशु को सुरक्षात्मक एंटीबॉडी प्रदान करता है और शिशुओं को जीवन-घातक संक्रमणों से बचाता है। यूनिसेफ के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वनेश माथुर ने बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशेष स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस चर्चा में जिरेन एस. कंडुन्ना, अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल ,शेरिन ऐनी राजू, कार्यकारी सहयोगी, यूनिसेफ, डोरोथी किपोथी, जीएनएम, प्रसूति वार्ड, सदर रांची,बबीता मंडल, एएनएम, प्रसूति वार्ड, सदर रांची और सहिया कार्यकताओं ने भी भाग लिया ।

# वैश्य मोर्चा का विस के समक्ष त्राहिमाम धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में ओबीसी को 27% आरक्षण देने, आरक्षण से वंचित जिलों में आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोंग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख रु. तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा भवन (कुट्टे ग्राम मैदान) के समक्ष एक दिवसीय 'त्राहिमाम धरना' कार्यक्रम का गुरूवार को आयोजन किया गया. इस धरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया. जबकि वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. धरना में उपस्थित लोग अपनी मांगों के समर्थन में खूब नारेबाजी की , धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। हमारी नौकरियों को किसी और को दे दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27% आरक्षण से



धरने पर बैठे वैश्य मोर्चा के लोग।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने पांच सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**रांची।** पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने गुरूवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के पास धरना दिया। इनकी मांग है कि मुख्यमंत्री के साथ वार्त्ता,पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का समायोजन किया जाए और स्थाई किया जाए। स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत साहयक किया जाए और मानदेय लागू किया जाए। धरना प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में दिया गया। मौके पर विभा रानी,दीपक कुमार सिंह,जयप्रकाश तिवारी, संतोष कुमार , रामदीप तिवारी आदि उपस्थित थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों की हुई करियर काउंसिलिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक एवं नयी दिशा के प्रति जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के काउंसलर्स ने नवीन जानकारियां प्रदान की। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने छात्रों को मल्टी टास्कर होने को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एवं कोकरिकुलर एक्टीविटीज करते रहने को कहा, क्योंकि इससे हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है। इन विशेषज्ञों ने छात्रों को उनके इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीवन में अनुशासित एवं दृढ़ प्रतिज्ञ होने की सलाह दी। उन्होंने किसी अन्य से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि सही निर्देशन में रहने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।


शारदा ग्लोबल स्कूल में करियर काउंसिलिंग में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं।

उन्होंने कहा कि जीवन में करियर की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता है कि आप अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करें एवं उसकी प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहें। क्योंकि, सफल वही होते हैं, जिनका विजन स्पष्ट एवं सटीक होता है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जसमीत कौर ने छात्रों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने तथा लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी।

# 10 जून की घटना को लेकर सुदेश महतो से मिले विभिन्न मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधिमंडल


मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल से मिलते सुदेश महतो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया के अगुवाई में विभिन्न मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। और उन्हें 10 जून 2023 को रांची में हुए हिंसा की पूरी जानकारी दी। साथ ही मंडल ने कहा बगैर जांच के पुलिस अपनी गलती छुपाने के लिए एक तरफा कार्रवाई कर रही है। आपसे निवेदन है कि आप 10 जून घटना को संज्ञान में लेकर आवाज उठाएं। जिस पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहां के हम सरकार से मांग करेंगे कि कोई एजेंसी से इसकी जांच कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, महासचिव डॉक्टर तारिक, शाहिद अख्तर टुकलू, मोहम्मद नजीब, मो वसीम, लहू बोलेगा से नदीम खान, राइन पंचायत के अध्यक्ष हाजी फिरोज, मेराज गद्दी, मो फारुक समेत कई लोग मौजूद थे।

## अरगोड़ा में रेलवे ट्रैक से बरामद युवक-युवती के शव की हुई पहचान

**रांची।** अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से बुधवार को बरामद हुए युवक और युवती का शव का पहचान हो गया है। दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई थी। गुरुवार को दोनों की पहचान पति-पत्नी रूप में हुआ है। दोनों की पहचान सुरेश महली और उसकी पत्नी काजल के रूप में हुई। दोनों लोहरदगा के रहने वाले थे। दोनों की पहचान होने के बाद लोहरदगा से परिजन रिम्स पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिये गये है। जानकारी के अनुसार, दोनों ने पारिवारिक समस्या के कारण आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस परिजनों से जानकारी जुटा रही है कि लोहरदगा से रांची में आकर दोनों ने आत्महत्या क्यों कर ली।

# आदिवासी महोत्सव में होगा संस्कृति परंपरा और खानपान का अद्भुत समागम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड समेत पूरे देश की आदिवासी संस्कृति, परम्परा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 एवं 10 अगस्त को रांची में देखने को मिलेगा। दरअसल, झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 रांची में आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्रप्रदेश, ओडिसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परम्परा और संस्कृति से राज्यवासियों को रूबरू करायेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सराइकेला छऊ, डोमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जायेगी। एक ओर जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौती और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, जनजातीय व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का आयोजन होगा। सेमिनार के जरिये आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था- एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, जनजातीय साहित्य-काल्पनिक और गैर काल्पनिक जैसे विषयों पर लोग अपनी बातों को रखेंगे।

### फिल्मों का प्रदर्शन और रैली

महोत्सव में 32 ट्राइब्स की रीझ रंग रसिका रैली निकाली जायेगी ।ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। जिसमें पहाड़ा, एड्पा काना, डीबी दुर्गा, बरदुए रवाह,ए सोंधैयानी, अबुआ पायका, द वॉटरफॉल, बैकस्टेज, सम स्टोरीज अराउंड विचेज, लाको बोदरा, छैला, द अगली साइड ऑफ ऑफ ब्यूटी, बंधा खेतए बढुन्दी, अजतान्त्रिक जैसी फिल्में प्रदर्शित की जायेंगी। इसके अतिरिक्त ड्रोन शो, लेजर शो, आतिशबाजी और ट्राइबल फैशन शो का भी आयोजन होगा। दो दिनों तक आयोजित इस महोत्सव में 32 स्टाल आदिवासियों के होंगे। साथ ह,ए विभिन्न विभागों और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के भी स्टाल लगाए जायेंगे।

# झारखंड चैंबर का 24 सदस्यीय दल व्यापारिक दौरे पर श्रीलंका पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 24 सदस्यीय दल गुरूवार को अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में रांची से श्रीलंका के लिए रवाना हुआ। प्रतिनिधिमण्डल को झारखण्ड चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने फ्लैग ऑफ किया।

श्रीलंका पहुंचने पर झारखंड चैंबर के प्रतिनिधियों का स्थानीय होटल में श्रीलंका के पारंपरिक नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार को झारखण्ड चैंबर की बैठक सिलोन चैंबर ऑफ कॉमर्स, फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ श्रीलंका और नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ श्रीलंका के साथ प्रस्तावित है। उक्त जानकारी चैंबर के महासचिव डॉ0 अभिषेक रामाधीन ने देते हुए श्रीलंका में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की प्रस्तावित सभी बैठकों से अवगत कराया। श्रीलंका के चार दिवसीय दौरे पर जाने वालों में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो, सदस्य कमल सिंघानिया, सुभाष राजगढिया, बिजय हरलालका, निरंजन शर्मा, गयारसीलाल गोयल, सुनिल सरावगी, संतोष अग्रवाल, विकास झाझरिया, नवीन अग्रवाल, रमेश साहू, चंद्रप्रकाश ढेलिया, संजय अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विकास सिंघानिया, श्रवण कुमार, विष्णु कुमार अग्रवाल, नवीन जैन शामिल हैं।



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य।

# राजीव अरुण एक्का ने लिया आदिवासी महोत्सव की तैयारी का जायजा

## अधिकारियों और इवेंट मैनेजमेंट टीम को प्रधान सचिव ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारी भव्य तरीके से चल रही है। विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) पर आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का गुरुवार को राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव कल्याण विभाग झारखंड सरकार जायजा लेने पहुंचे।

प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारी को लेकर पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल, प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, सेमिनार, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो तथा फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित स्थल, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था आदि के लिए की जारी रही तैयारियों का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अपर सचिव, आदिवासी कल्याण अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, खूंटी डीपीआरओ सैयद राशिद अख्तर, डीपीआरओ रांची डॉक्टर प्रभात शंकर, इवेंट मैनेजमेंट टीम के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


आदिवासी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी।

## जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में होगा कार्यक्रम

### कार्यक्रम को लेकर प्रचार वाहनों को भी किया गया रवाना

इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव और भी भव्य तरीके से मनाने की तैयारी है, कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान से प्रचार रथ भी रवाना किया गया। इसके माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ-साथ महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह भी किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## मांडर चौक पर सड़क हादसे में शिक्षिका घायल

**मांडर।** एनएच मुख्य पथ पर मांडर चौक के निकट हुई सड़क दुर्घटना में पचपन वर्षीय शिक्षिका पुष्पा रानी किंडो घायल हो गयी। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। बताया जाता है कि रांची की इंद्रपुरी निवासी शिक्षिका चान्हो के पुरबटोली में पढ़ाती है। सुबह लगभग नौ बजे वह अपनी स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट निकट स्वयं ही असंतुलित होकर स्कूटी से गिर गई। हादसे में घायल शिक्षिका को रेफरल अस्पताल मांडर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

## डालसा ने घर-घर जाकर लोगों को दी कानून की जानकारी

**चान्हो।** प्रखंड के करकट गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा झालसा के निर्देश पर विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस दौरान डालसा टीम के पीएलवी ने घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निपटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप व सौरभ पांडेय ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में एलएडीसी के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पाण्डेय, पीएलवी सुमन ठाकुर, तारामनी देवी, पुष्पलता और सुनीता देवी आदि मौजूद थे।

## गगारी गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने की मांग

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधान सभा के मानसून सत्र के दौरान शून्यकाल में शहीद जीतराम बेदिया के गांव ओरमांझी प्रखंड के गगारी गांव को सरकार द्वारा आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के साथ साथ उनकी एक आदमकद प्रतिमा की स्थापना किए जाने की सदन में मांग रखी। श्री कच्छप में ने सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि अन्य स्वतंत्रता आंदोलनकारियों की तरह शहीद जितराम बेदिया भी एक स्वंत्रता सेनानी थे जो अंग्रेजो के साथ विद्रोह करते हुए शहादत पायी, इसलिए अन्य शहीदों के तर्ज पर झारखंड के पाठ्यक्रम में उन्हे भी सम्मिलित किया जाए।

## ऑटो से बैट्री चोरी करते धराया, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**रांची।** थाना क्षेत्र के झिरी आनंदनगर निवासी बासुदेव कुमार सोनी के आंगन में खड़ी पियागो ऑटो जेएच 01 सीयू 5514 की बैटरी चोरी करने का प्रयास करते युवक मशरूल अली को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद थाने के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर गुरुवार की दोपहर जेल भेज दिया। वह डोरंडा पारसटोली के स्व मंजुर अली का पुत्र है। घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री सोनी शाम 6.30 बजे घर आये। ऑटो खड़ी कर घर के अंदर गये। कुछ देर बाद बाहर निकले। उन्होंने देखा कि एक अनजान युवक गाड़ी की सीट पर बैठा है। उन्हें देख वह भागने लगा। चिल्लाने पर पड़ोसी जमा हुये। पीछा कर उसे पकड़ा गया। उसने अपना नाम मशरूल अली बताया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

# दलादली चौक का नाम सुभाष मुंडा चौक रखने की घोषणा

### वर्षा के बावजूद श्रद्धांजलि सभा में उमड़े हजारों ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** सीपीएम कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को रांची के नगड़ी क्षेत्र के दलादली में युवा नेता सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण कर इस चौक का नाम सुभाष मुंडा चौक बनाने का ऐलान किया। दलादली चौक अब सुभाष मुंडा चौक के नाम से जाना जायेगा। सीपीएम के नेता सुभाष मुंडा को याद करते हुए दलादली चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गयी। सीपीआइएम ने राज्य में कानून व्यवस्था को बताया लचर, सुभाष मुंडा हत्याकांड को लेकर तीन अगस्त को बुलायी गयी संवेदना सह श्रद्धांजलि सभा में सीपीएम नेता सुभाष मुंडा को श्रद्धांजलि दी। इसमें सीपीएम पार्टी के सैकड़ों नेता और पूर्व सांसद सह पोलित सदस्य वृंदा करात दलादली चौक पहुंची। साथ ही सभी नेता सुभाष मुंडा के घर जाकर उनके परिजनों से भी मिले और उन्हें सांत्वना दिया।




दलादिली में श्रद्धांजलि सभा में शामिल वृंदा करात एवं अन्य।

### सैकड़ों लोगों ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

सुभाष मुंडा की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पहले स्थानीय ग्राम सभा से पारित की गयी, जिसके बाद दलादली चौक पर सुभाष मंडा की एक प्रतिमा लगायी गयी।
बरसात के बावजूद समारोह में भारी भीड़ उमड़ी थी। श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों ने सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दलादली क्षेत्र में पैदल मार्च किया। लोगों ने मांग की है कि सुभाष मुंडा के परिवार को भी सुरक्षा मुहैया करायी जाये। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे लोगों में हत्यारों के प्रति काफी रोष था।

### लोगों ने किया गम और गुस्से का इजहार

समारोह में वक्ताओं ने लोकप्रिय जन नेता की हत्या पर न केवल तीव्र आक्रोश व्यक्त किया, बल्कि इसकी निंदा कर गुनाहगारों को फांसी दिये जाने की मांग दोहरायी। हत्या में नजदीकियों की भूमिका पर सवाल खड़े किये गये। लोग गम और गुस्से का इजहार कर रहे थे। इस बात की चर्चा होती रही कि जिस पत्तल पर खाया, उसी को छेद कर उनके साथ क्रूर विश्वासघात किया गया। लेकिन उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। श्री मुंडा अमर हो गये और साजिशकर्त्ता समेत अपराधकर्मी जेल की हवा खायेंगे।

**हत्या के सूत्रधारों की थू-थू :** पुलिस के हत्थे चढ़े हत्या के सूत्रधार दो सगे भाइयों को लेकर क्षेत्र में खूब थू-थू हो रही है। उन्हें दो जून की रोटी मय्यशर नहीं थी। वह श्री मुंडा की बदौलत लग्जरी कार और आई फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। मां अपने दोनों बेटे को निर्दोष बता कई लोगों से उन्हें हिरासत से छुड़ा लेने की गुहार लगाती देखी गयी, लेकिन किसी ने भी उन पर तरस नहीं खायी। अल्वत्ता उनको फटकार ही मिल रही है। विडंबना यह है कि 26 जुलाई की रात जब सुभाष मुंडा की हत्या हुयी, तो उनके नाम से आंसू बहाने वालों में दोंनो भाई अव्वल थे। एक ने तो इतना तक कह दिया कि सुभाष मुंडा उसका भगवान थे।

## प्रखंड अंजुमन कमेटी का चुनाव 13 अगस्त को, पहले दिन चार ने भरा पर्चा

### छह-सात अगस्त को होगी नाम वापसी, आठ और नौ अगस्त को बांटा जायेगा चुनाव चिन्ह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड अंजुमन कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव 13 अगस्त हो होगा। नामांकन प्रक्रिया पांच तक चलेगी। इसके पहले दिन गुरुवार को चार लोगों ने पर्चा दाखिल किया। इसमें अध्यक्ष पद के लिये मो शाहिद व अताउल्लाह अंसारी, उपाध्यक्ष के लिये अंजुम खान तथा सचिव के लिये मुंतजिर खान शामिल हैं। ये क्रमशः फुटकलटोली, काठीटांड़ व पंडरा के रहने वाले हैं। 6 और 7 को नाम वापस लिये जा सकेंगे। 8 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 की शाम तक चुनाव चिन्ह आबंटित किये जायेंगे। मतदान में 36 ग्रामीण अंजुमन कमेटियों के 9 सौ सदस्य हिस्सा लेंगे। वोटिंग की शुरूआत सुबह 8 बजे होगीए जो 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद वोटों की गिनती होगी। परिणाम रात तक घोषित कर दिये जायेंगे। यह जानकारी चुनाव समिति के अध्यक्ष प्रमुख संगीता तिर्की व सचिव सह उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने पत्रकारों को दी।

### पांच पद के लिए होंगे चुनाव

उन्होंने बताया कि मतदाता कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। बिजुलिया ईदगाह टंगरा स्थित मदरसा नुरुल उल्लुम में होने वाले चुनाव को लेकर समाज के लोग, विशेषकर युवा बेहद उत्साहित हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतदान के दिन एहतियात के तौर पर प्रशासनिक सुरक्षा की व्यवस्था होगी।

## तमाड़ : ग्रामीणों ने सड़क पर की धनरोपनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 रायडीह मोड़ से तमाड़ तक की सड़क टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया हैण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सें यह सड़क कलावती बिल्डर्स के द्वारा वर्ष 2021 में निर्माण कराया था। सड़क में बड़े.बड़े गड्ढे हो जाने सें जलजमाव हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढे, जलजमाव देख बीच सड़क पर धान की रोपनी कर नाराजगी जतायी। सड़क निर्माण करते समय ही सड़क उखड़ रही थी। सड़क बनने के पश्चात ही उखड़ता गया। इस सड़क निर्माण में घोर अनियमितता का समाचार खबर मन्त्र अखबार में भी सुर्खियों में था। इसी सड़क में प्रखंडए अंचल, थाना है। यह तमाड़ का सबसे व्यस्त मार्ग है।



तमाड़ में सड़क पर धनरोपनी करते स्थानीय लोग।

### धनरोपनी में ये लोग थे शामिल

मौके पर में सरमेंद्र मुखर्जी, जगदीश गुप्ता, मिथुन गुप्ता, मो सलीम, युवराज सिंह, मंगल पाहान, सौरभ मुखर्जी, सागर नायक, अनिल रवानी, कार्तिक रविदास, दिलवर हंस, सफ्फुला अंसारी, मोती साहू, संतोष नायक, सुमित गुप्ता, विजय साहू, सुनील गुप्ता, रितेश साहू, संदीप मुंडा, बिट्टू सिंह, बीरेंद्र मिस्र आदि किसान शामिल थे।

## दयानंद पब्लिक स्कूल में पत्रकार सम्मान समारोह सह पौधरोपण

खबर मंत्र संवाददाता

**मांडर।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पत्रकार सम्मान समारोह सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पत्रकारों को भी शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए गंगोत्री कुजूर ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय सेवा का काम कर रही है। मात्र 7 वर्षों में अपने मेहनत और लगन के बल पर विद्यालय परिवार बुलंदी को पा चुके हैं। इतने कम समय में शिक्षा का ऐसा अलख जगाना काबिले तारीफ है। आगे उन्होंने पत्रकारों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए चौथे स्तम्भ की निष्पक्ष कार्य को भविष्य में भी बरकरार रखे रहने की बात कही। स्कूल के निदेशक डॉ राजेश दत्ता ने स्कूल की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रारंभ वर्षों में विकास की गति को पकड़ रही थी। विद्यालय परिवार के लगन और मेहनत से आज स्कूल ऊंचे मुकाम पा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि प्लस टू को सीबीएसई से मान्यता मिल चुकी है।

एक नजर में

## सड़क पर बहता है जलमीनार का पानी, परेशानी



सड़क पर जमा पानी को दिखाते स्थानीय ग्रामीण।

**खलारी।** राय पंचायत के दरहाटाँड़ गांव में जलमीनार का पानी रोड में बहने से ग्रामीण रोजाना एक दूसरे से कहासुनी हो जाती है। दरसल मामला यह है कि खलारी प्रखंड से राय पंचायत में ग्रामीणों को पानी की सुविधा के लिये जलमीनार का निर्माण कराया गया। जलमीनार का निर्माण तो प्रखंड के ठेकेदार कर दिए लेकिन जलमीनार से निकलने वाला पानी की कोई समुचित व्यवस्था नही बनायी गयी। लिहाजा जलमीनार का पानी सड़क में बहकर ग्रामीणों के घर मे घुस गया। जिसको लेकर रामोतार रामएबबली रामएविजय पहानए रवि राम ने प्रखंड से अथवा जनप्रतिनिधियों में मुखियाए पंससए से मांग किया गया कि जलमीनार का वेस्ट पानी व बरसात का पानी के लिए समुचित व्यवस्था किया जाये।

## वनपाल ने किया हाथी प्रभावित गांवों का दौरा



**सोनाहातू।** प्रखंड के हेसाडीह पंचायत के कई गांव में हाथियों का प्रकोप है। कई दिनों से लगातार हाथी किसानों का नुकसान कर रहे है। गुरुवार को वारिश के बीच वनपाल दिलीप मुंडा और करमा होरो अपने टीम के साथ हाथी मित्र तापस कर्मकार, शक्ति सिंह मुंडा के साथ हेसाडीह गांव में हुई नुकसान का जानकारी लिये। किसानों से मुलाकात किये और हाथी के कार्यशली एव्यवहार को बता कर गांव को सुरक्षित रखने के उपाय को बताये। इस दौरान युवकों को फटाखे, मोबिल, मशाल आदि का वितरण भी किये।

## लांदुपडीह में लगा किसान सहायता शिविर

**सोनाहातू।** गुरुवार को प्रखंड के लांदुपडीह पंचायत सचिवालय में किसानों के लिये सहायता शिविर लगाया गया। शिविर में पीएम किसान निधि तथा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के लाभुकों का ई केवाईसी कराने के लिए आवश्यक कागजात लिये गये।

## बेड़ो : एक शिक्षिका के भरोसे 52 नौनिहालों का है भविष्य

खबर मंत्र संवाददाता

**बेड़ो।** सरकार भले ही बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था देने के लाख दाव करेएलेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। प्रखंड में कई ऐसे सरकारी विद्यालय हैंए जहां कहीं पर शिक्षकों की भारी कमी चल रही हैए तो कहीं विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं पेयजल व शौचालय जर्जर व बादहाल हैं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद गांव के नौनिहाल अपने भविष्य की नींव गढ़ रहे हैं। प्रखंड के फादिल मर्चा गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पिछले आठ वर्षों से एक ही पारा शिक्षिका गोरती केरकेट्टा के भरोसे चल रहा है। इस विद्यालय में 52 छात्र छात्रएं नामांकित है। ऐसे में एक शिक्षिका ही केजी से पांच तक के कक्षाओं को संभाल रही है। वही पहली व दूसरी कक्षा के छात्र जमीन पर बैठने को मजबूर है।साथ ही मिड डे मिल भी बनवाती है। एक शिक्षक को शिक्षण कार्य के साथ ही विद्यालय के कार्यालयी संबंधित कार्य भी निपटाने होते हैं। जबकि नियमानुसार विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक होने चाहिएए लेकिन आठ साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती नहीं की गई है। ऐसे में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का सपना अधूरा ही नजर आ रहा है।

## पिपरवार : नूंह की घटना का विहिप ने किया विरोध

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** हरियाणा के नूह एवं मेवात में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार मंडल समिति की एक आवश्यक बैठक बचरा रामजानकी मंदिर के प्रांगण संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण कुमार मंडल एवं संचालन मुकेश राणा एवं दीपक केसरी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं के निर्मम हत्या पर विरोध जताया साथ ही विहिप के कार्यकताओं ने मृतक के परिजनों को एक एक करोड़ रूपया मुआवजा स्वरूप दिए जाने एवं घायल हुए कार्यकताओं को 2 लाख मुआवजा दिए जाने सहित आगजनी के दौरान जलाए गए वाहनों के क्षतिपूर्ति की मांग की गई एवं विहिप श्याम भजन दिल के कार्यकताओं पर सुनियोजित तरीके से की गई हमले में शामिल सभी दोषियों को सख्त से सख्त कार्रवाई करने एवं सजा दिलाए जाने की मांग की गई। इस बैठक में संरक्षक शंकर सिंह चेरो बजरंगदल के संयोजक राजा कुमार सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद गौ रक्षा प्रमुख लाल बहादुर और नवीन साव मुकेश कुमार उर्फ गुड्डू नंदकिशोर कुमार मुरारी कुमार राजकुमार बाबू सुमित सोनी पप्पू सोनी संतोष प्रजापति गुड्डू दुबे मिथुन कुमार राजन कुमार विकाश कुमार संतोष गिरी विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।



घटना के विरोध में पिपरवार में बैठक करते विहिप के कार्यकर्ता।

## ओरमांझी बीडीओ को मिला सेवा रत्न सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रगति परिषद ओरमांझी रांची द्वारा गुरूवार को आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद समागार में एक समारोह आयोजित कर बीडीओ विजय कुमार सोनी को सेवा रत्न सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। विजय सोनी का स्थानतरण जिला परिवहन पदाधिकरी (डीटीओ) कोडरमा में हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व विषिष्ट अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी सहित अन्य अतिथियों द्वारा सामुहिक रूप से सेवा रत्न सम्मान दिया गया। बतौर बीडीओ विजय सोनी द्वारा ओरमांझी प्रखंड में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। रामटहल चौधरी ने कहा अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन से कार्य करने की क्षमता और कुशलता बढ़ने के साथ आम लोगों से जुड़ाव भी होता है। ऐसे ही पदाधिकरी के कारण आज ईमानदारी पदाधिकरी का सम्मान बचा हुआ है। बीडीओ ने ओरमांझी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों का अभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने भागवत गीता दिया। प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य सरिता देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा सहित कई लोगों ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कुदूस अंसारी ने दिया। मौके पर प्राचार्य डॉ भीम महतो, पंस सदस्य शशि मिश्रा, एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो, कुदुस अंसारी, रामचरण साहु, रणधीर चैधरी, रामकुमार महतो, एकबाल अंसारी, बनवारीलाल साहू, इमरान अंसारी, प्रेमनाथ मुंडा, रीता कुमारी, अलका तिर्की, कृष्ण कुमार मौजूद थे।



विजय सोनी को सेवा रत्न सम्मान देते पूर्व सांसद रामटहल चौधरी।

## केसीबी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य का एबीवीपी ने किया स्वागत



**बेड़ो।** करमचंद भगत कालेज के नए प्रभारी प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम का गुरुवार को एबीवीपी के कार्यकताओं ने प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ ने नये प्राचार्य से छात्र हित और कॉलेज के विकास के लिये कार्य करने का आग्रह करते हुए कॉलेज में बेसिक सुविधाएं बहाल करने की मांग किया है। वहीं प्रभारी प्राचार्य ने कॉलेज की बेहतरी के लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के साथ मिलकर कॉलेज को नए मुकाम पर ले जाने का आह्वान करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान नए प्रचार्य ने पूर्व प्रचार्य डॉ राजा अजित कुमार व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभए विभाग सह संयोजक आकाश रक्षितए विक्रम कुमारए रोहन कुमारए सोनम कुमारीए दिवाकर महतोए सतीश कुमार व रीता कुमारी मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल,www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गढ़वा
(जिला आपूर्ति शाखा)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद सं0-124/2022-23 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-07 के तहत जब्त 668 (छःसौ अरसठ) बोरा गेंहू वजन लगभग 40080 किलोग्राम एवं 409 (चार सौ नौ) बोरा चावल वजन लगभग 24540 किलोग्राम को Auction Sale (नीलामी बिक्री) द्वारा बिक्री किया जाना है। उक्त सामग्री के क्रय हेतु ईच्छुक क्रेता दिनांक 07.08.2023 के अपराहन 12:30 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा (सदर) के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर नीलामी बिक्री में भाग ले सकते है। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

PR 303940 Food Public Distribution and Consumer Affairs (23-24)_D

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
गढ़वा

# ओरमांझी : स्कूली बच्चों ने दिखाये ताइक्वांडो के हुनर

### जिला स्तरीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सौजन्य से चैथा जिला स्तरीय इंटर स्कूल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में एसएस विद्या मंदिर, एसएस प्लस टू, डीएवी निरूपा, अपग्रेड हाई स्कूल जोन्हा, एमबी स्कूल बुंडू, बीएनएल गर्ल्स स्कूल इरबा, रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल सिमलिया सहित दर्जनों स्कूलों के छात्र-छात्राए शामिल हुए। चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एमबी स्कूल बुंडू स्कूल प्रथम स्थान पर रहा। वहीं बीएनएन गर्ल्स स्कूल इरबा दूसरा स्थान पर रहा। वहीं रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल सिमलिया तीसरा स्थान पर रहा।



ताइकवांडो प्रतियोगिता में अपने हुनर दिखाते स्कूली बच्चे।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रो जमशेद कमर, मुफ्ती वसिरह्मान नदवी, झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो के जनरल सेक्रेटरी शकील अंसारी, सकोलॉक्स एडुकेशन के निदेषक सह कोच अशफाक अहमद, ताइक्वांडो के सीनियर कोच जमील अंसारी, शाहनवाज अंसारी, भुनेश्वरी कुमारी, शोभा कुमारी, ममता कुमारी, सहित विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़
ई-मेल- ramgarh.rmsa01@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या-03/2023-24

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति, रामगढ़ के निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, झारखण्ड, राँची के विज्ञापन संख्या 21/2016 के अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (सीधी नियुक्ति) की स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु रामगढ़ जिले के संसुचित रिक्ति के विरूद्ध अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के पूर्व काउसलिंग हेतु निम्न कार्यक्रम का निर्धारण किया जाता है :-

| क्रमांक | विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | कुल | काउसलिंग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षा | 05 | 05 | 05.08.2023 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | संस्कृत | 14 | 14 | |
| 3 | उर्दू | 01 | 01 | |
| | कुल | 20 | 20 | |
| 2 | काउसलिंग के क्रम में आपत्ति के निराकरण एवं काउसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने की तिथि एवं समय | | | 07.08.2023 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न |

रामगढ़ जिले के लिए उपरोक्त विशय हेतु कार्यक्रम के अनुसार सभी संबंधित अभ्यर्थी निम्नांकित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो सेट फोल्डर में) के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, रामगढ़ में उपस्थित होकर काउसलिंग में सम्मिलित होंगे :-

1. प्रवेश-पत्र। 2. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चत्तर योग्यता तक)
3. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (बी०एड०) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4. आवासीय प्रमाण पत्र। 5.जाति प्रमाण पत्र। 6. आधार/पैन/वोटर आई०डी० एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित काउसलिंग में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 303956 District(23-24)D

# उम्मीद की एनर्जी

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की इकाई अडाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड ने राजस्थान के जैसलमेर में 390 मेगावॉट के पवन एवं सौर हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू कर दिया है। देश की एनर्जी क्षेत्र में यह एक मील का पत्थर साबिता होगा। सबसे बड़ी बात है कि यह एनर्जी कोयला से उत्पन्न एनर्जी से सस्ती है और स्वच्छ भी। आने वाले दिनों में इसी एनर्जी की मांग पूरे देश में होने वाली है। जिस प्रकार के पर्यावरणीय समस्या देश ओर दुनिया में आ रहे हैं ऐसे में इस प्रकार की हाईब्रिड एनर्जी की मांग लगातार बढ़ रही है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह भारत का पहला पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन संयंत्र है। हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र में सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन का मेल होता है जो इसे नवीकरणीय ऊर्जा का पूरा लाभ उठाने के लायक बनाता है। कंपनी के मुताबिक ऊर्जा की बढ़ती मांग के लिए यह अधिक भरोसेमंद समाधान देगा। एजीईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत एस जैन ने कहा, पवन और सौर ऊर्जा का मिश्रण हमारी कारोबारी रणनीति का अहम पहलू है जिसका उद्देश्य हरित ऊर्जा के लिए भारत की बढ़ती जरूरत पूरी करना है। इस हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू होना भारत के टिकाऊ ऊर्जा लक्ष्यों को पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के मुताबिक, नए ऊर्जा संयंत्र के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ 2.69 प्रति किलोवॉट की शुल्क दर से ऊर्जा खरीद समझौता किया गया है जो राष्ट्रीय स्तर पर औसत ऊर्जा खरीद शुल्क (एपीपीसी) से काफी कम है। इस संयंत्र से परिचालन शुरू होने के साथ ही एजीईएल की परिचालन क्षमता बढ़कर 5.8 गीगावॉट हो गई है। निश्चित ही इस प्रकार की एनर्जी से देश को बड़ा लाभ होने वाला है।

# बड़ी विफलता

जिहादी मानसिकता वाले यह उन्मादी और उपद्रवी तत्व जब भी हिंसा पर उतारू होते हैं तो सबसे पहले दूसरे वर्ग की दुकानों, बड़े प्रतिष्ठानों और भवनों पर हमलावर होते हैं। उन्हें लूट लेते हैं या उनमें आग लगा देते हैं। यह मानसिकता हर दंगे में सामने आती है। नूंह में भी योजनाबद्ध तरीके से शुरू के बाद प्रगतिशील समुदाय विशेष की दुकानों पर बड़े पैमाने पर लूट की गई, आग के हवाले किया गया। गुरुग्राम-अलवर नेशनल हाइवे पर हीरो कंपनी के शोरूम से 200 बाइक लूट ली गईं। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया। नूंह में भड़की हिंसा की चिंगारी शाम तक कई मंदिरों को नुकसान पहुंचाती और अपवित्र करती रही।

जाहिल जिहादियों की भीड़ ने पुलिस थाने तक को निशाना बनाया। नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया गया। नूह का साइबर थाना इसलिए भी निशाने पर आया कि देश भर में जितनी भी साइबर क्राइम की घटनाएं हो रहीं हैं उसमें झारखंड के जामताड़ा के बाद दूसरा बड़ा केन्द्र मेवात ही है। कुछ ही दिनों पहले साइबर क्राइम की केन्द्रीय टीम ने भारी सुरक्षा के बीच जब मेवात की छापेमारी की तो अनेक गिरोहों का पदार्फाश हुआ। भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए और 47 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसी कारण जिहादी उपद्रवियों ने थाने पथराव ही नहीं किया, बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने सैकड़ों की इस भीड़ से कैसे अपनी जान बचाई होगी, यह तो वही जानें, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आज के आधुनिक युग में सैकड़ो विडियो सोशल मीडिया पर तैर रहें हैं जो हरियाणा की भाजपा सरकार की विफलता की कहानी कह रहें हैं लेकिन राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि प्रशासन भी उसके हिसाब से काम करता है। पुलिस प्रशासन भी सरकार की प्रतिबद्धता के हिसाब से ही काम करती है।

# मोदी सरकार : जन विश्वास के नौ साल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता के गलियारे से परिक्रमा संस्कृति खत्म कर परिश्रम और परिणाम को प्रामाणिक बनाया। 9 साल में सता के गलियारे में दशकों से परिक्रमा को ही पराक्रम समझने वाले, परिश्रम और परिणाम की कार्य संस्कृति के चलते हाशिये पर चले गए हैं। इसी परिणामी मंतरह्व ने सत्ता के गलियारे से सत्ता के दलालों को छू-मंतर किया। 2014 से पहले एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री को छोड़ने जाना-लेने जाना, मंत्रिमंडल के सदस्यों का कर्मकांड माना जाता था, दशकों की यह व्यवस्था खत्म हुई, लाल बत्ती सरकार की धमक-धाक का हिस्सा थी, सामंती गुरुर वाली लाल बत्ती इतिहास का हिस्सा बन गई। सांसदों को सब्सिडी जन्मसिद्ध अधिकार लगता था, एक झटके में खत्म हुई। मंत्री-सांसद ना रहने के बावजूद कुछ लोगों को सरकारी बंगलों पर कब्जा रखना संवैधानिक अधिकार लगता था, उसे खत्म किया। मंत्रालयों को मार्च से पहले बजट को उल-जुलूल तरीके से खत्म करना सरकार की प्राथमिकता थी, जिसके चलते उपयुक्त खर्च का प्रयास नहीं होता था, यह काम चलाऊ, दकियानूसी व्यवस्था खत्म हुई। प्रधानमंत्री, मंत्रियों, अधिकारियों के एक दिन के विदेशी दौरे के काम के लिए दस दिन सैर सपाटे और करोड़ों खर्च करने की व्यवस्था को खत्म किया, खुद प्रधानमंत्री स्वयं के दौरों पर, केवल काम की सफर सीमा बांध कर, पूरी सरकार की सोच में व्यापक परिवर्तन लाये।

सरकारें बदलती थीं, मंत्री बदलते थे पर वर्षों से मंत्रियों के निजी स्टाफ वही रहते थे, जिसका नतीजा होता था कि सत्ता के गलियारे में घूमने वाले दलाल और बिचौलिए उस निजी स्टाफ के जरिये बरकरार रहते थे, दस वर्षों से जमे निजी स्टाफ को मंत्रालय में रखने पर रोक लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेशेवर बिचौलियों के पर काट दिए।

पहले प्रधानमंत्री, सचिव और उसके नीचे के अधिकारियों से कभी संपर्क-संवाद नहीं करते थे, ग्राउंड रिपोर्ट की जानकारी से रूबरू नहीं होते थे, जिसे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बदल कर मंत्रियों के साथ-साथ अधिकारियों से संवाद संस्कृति शुरू की, जिसके चलते नौकरशाही की जवाबदेही-जिम्मेदारी बढ़ी है, पदम श्री अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मान जो पहले केवल सियासी सिफारिशों के जरिये दिए जाते थे, आज उन लोगों को यह सम्मान दिया जा रहा है जो वास्तव में इसके हकदार हैं। यह सब बातें हो सकता है छोटी हों पर परिक्रमा के पराक्रम की जगह परिश्रम एवं परिणाम की कार्य संस्कृति को पैदा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई हैं।



-मुख्तार अब्बास नकवी

> कोरोना की चुनौतियों के दौरान लोगों की सेहत, सलामती के लिए 81 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया गया। 41 करोड़ जरूरतमंदों के बैंक खातों में 90 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सीधे ट्रांसफर किये गए। 8 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस सिलिंडर, 1 लाख 70 हजार करोड़ का गरीब कल्याण पैकेज, 20 करोड़ महिलाओं के जन धन खाते में 1500 रूपए, किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 19 हजार करोड़ रूपए दिए जाने जैसे प्रभावी कदम उठाये गए

प्रत्येक भारतीय को हेल्थ आईडी देने के लिए नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन शुरू किया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ योजना मोदी केयर ने लोगों के सेहत की गारंटी दी, हेल्थ केयर क्षेत्र में मोदी सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि इतनी बड़ी आबादी वाले देश में कोरोना संकट के बड़े प्रभाव को कम किया जा सका। कोरोना की चुनौतियों के दौरान लोगों की सेहत, सलामती के लिए 81 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया गया, जो किसी भी लोकतांत्रिक देश की अद्वितीय घटना होगी। 41 करोड़ जरूरतमंदों के बैंक खातों में 90 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सीधे ट्रांसफर किये गए। 8 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस सिलिंडर, 1 लाख 70 हजार करोड़ का गरीब कल्याण पैकेज, 20 करोड़ महिलाओं के जन धन खाते में 1500 रूपए, किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 19 हजार करोड़ रूपए दिए जाने जैसे प्रभावी कदम उठाये गए जिसके चलते लोग इस संकट के समय विश्वास की डोर से जुड़े रहे।

वन नेशन वन राशन कार्ड लागू किया गया है जिसका लाभ 67 करोड़ जरूरतमंदों को होना शुरू हो गया है। मनरेगा के लिए अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रूपए जारी किये गए हैं, किसानों को देश में कहीं भी अपनी उपज को बेचने की आजादी दी गई है, श्रमिक स्पेशल ट्रेन के जरिये 60 लाख से अधिक प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाया गया, स्टेट डिजास्टर रिलीफ फण्ड से प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए राज्यों को 11 हजार करोड़ रूपए दिए गए। भारत के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली ₹नई शिक्षा नीति लाई गई है जो भारत को विश्व का एजुकेशन हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 40 करोड़ से ज्यादा लोगों को जन धन योजना₹ के तहत आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ा गया है। इसी कोरोना काल में तीन दर्जन से ज्यादा बड़े आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, प्रशासनिक, व्यापारिक, श्रमिक, रक्षा, कोयला, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा, डिस्ट्रीब्यूशन, अंतरिक्ष, फॉरेस्ट लैंड, कृषि, संचार, बैंकिंग, निवेश एवं डेरी से लेकर फेरी वालों तक की बेहतरी के लिए बड़े और महत्वपूर्ण रिफॉर्म किये गए जिसके चलते देश की अर्थव्यवस्था आपदा के बावजूद अवसर से भरपूर रही।

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) के गठन का केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला लाखों युवाओं की मदद करने वाला एक संकल्पित कदम है। एनआरए अलग-अलग परीक्षाओं की जगह साझा पात्रता परीक्षा आयोजित करेगी और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा दक्षता लाएगी।

युवाओं को फिलहाल नौकरी के लिये कई अलग-अलग परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। ऐसी परीक्षाओं के लिये अभी लगभग 20 भर्ती एजेंसियां हैं और परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थियों को दूसरे स्थानों पर भी जाना पड़ता है। का निर्णय किया है।

मिशन कर्मयोगी - राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) सिविल सर्विसेज में सुधार की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। इस मिशन से सिविल सेवा ना केवल भारतीय संस्कृति एवं व्यापक सुधार से भरपूर होगी बल्कि विश्वभर की श्रेष्ठ पद्धतियों को सीखते हुए मजबूत प्रशासनिक ढांचा तैयार होगा।

सभी को घर मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण 1 अप्रैल 2016 को लांच की गई थी। अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में 1 करोड़ 14 लाख जरूरतमंदों को पक्का मकान मुहैया करा दिया गया है। पौने 2 लाख परिवारों का गृह-प्रवेश हाल ही में हुआ। मार्च 2022 तक लगभग 3 करोड़ जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया।

## खास बात

### योग के प्रकार

**स्वामी मुक्तरथ**



**कर्म योग:**

अगली शाखा कर्म योग या सेवा का मार्ग है और हम में से कोई भी इस मार्ग से नहीं बच सकता है। कर्म योग का सिद्धांत यह है कि जो आज हम अनुभव करते हैं वह हमारे कार्यों द्वारा अतीत में बनाया गया है। इस बारे में जागरूक होने से हम वर्तमान को अच्छा भविष्य बनाने का एक रास्ता बना सकते हैं, जो हमें नकारात्मकता और स्वार्थ से बाध्य होने से मुक्त करता है। कर्म आत्म-आरोही कार्रवाई का मार्ग है। जब भी हम अपना काम करते हैं और अपना जीवन निस्वार्थ रूप में जीते हैं और दूसरों की सेवा करते हैं, हम कर्म योग करते हैं।

**भक्ति योग:**

भक्ति योग भक्ति के मार्ग का वर्णन करता है। सभी के लिए सृष्टि में परमात्मा को देखकर, भक्ति योग भावनाओं को नियंत्रित करने का एक सकारात्मक तरीका है। भक्ति का मार्ग हमें सभी के लिए स्वीकार्यता और सहिष्णुता पैदा करने का अवसर प्रदान करता है।

**ज्ञान योग:**

अगर हम भक्ति को मन का योग मानते हैं, तो ज्ञान योग बुद्धि का योग है, ऋषि या विद्वान का मार्ग है। इस पथ पर चलने के लिए योग के ग्रंथों और ग्रंथों के अध्ययन के माध्यम से बुद्धि के विकास की आवश्यकता होती है। ज्ञान योग को सबसे कठिन माना जाता है और साथ ही साथ सबसे प्रत्यक्ष। इसमें गंभीर अध्ययन करना होता है और उन लोगों को आकर्षित करता है जो बौद्धिक रूप से इच्छुक हैं। योग कब करें या योग करने का सही समय क्या है? -

सुबह सूर्योदय से पहले एक से दो घंटे योग के लिए सबसे अच्छा समय है। अगर सुबह आपके लिए मुमकिन ना हो तो सूर्यास्त के समय भी कर सकते हैं। इसके अलावा इन बातों का भी खास ध्यान रखें:

अगर दिन का कोई समय योग के लिए निर्धारित कर लें, तो यह उत्तम होगा।**सब आसन किसी योगा मैट या दरी बिछा कर ही करें।** आप योग किसी खुली जगह जैसे पार्क में कर सकते हैं, या घर पर भी। बस इतना ध्यान रहे की जगह ऐसी हो जहाँ आप खुल कल साँस ले सकें।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# ज्ञान का अहंकार

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**अहंकार** चाहे किसी भी चीज का हो पतन का मूल है। इसे एक कहानी के माध्यम से इस प्रकार समझें। एक सज्जन देश-विदेश में अध्ययन कर पूरे संसार की जानकारियों से भरी डिग्रियों की पोटली अपनी खोपड़ी में रखकर अपने देश लौटा। वह सबके पास इस बात की शेखी बघारने लगा कि उससे अधिक ज्ञानी-विद्वान और कोई नहीं। उसके पास कोई भी व्यक्ति जाता, वह उससे प्रश्न किया करता कि क्या उसने उससे बढ़कर कोई ज्ञानी देखा है? बात भगवान बुद्ध के कानों तक जा पहुंची। उन्होंने इस ज्ञानी सज्जन से मिलने का निश्चय किया। ज्ञानी सज्जन ने उन्हें आते देखा तो पूछा : तुम कौन हो तपस्वी? बुद्धदेव ने जवाब दिया: अपनी देह और मन पर जिसका पूर्ण अधिकार है। मैं ऐसा एक तुच्छ मनुष्य हूं। अहंकारी बोला : फिर से भली-भांति स्पष्ट करो। मेरी तो कुछ समझ नहीं आया। बुद्धदेव बोले : जिस तरह कुम्हार घड़े बनाता है, नाविक नौकाएं चलाता है, धनुधारी बाण चलाता है, गायक गीत गाता है, वादक वाद्य बजाता है और विद्वान वाद-विवाद में भाग लेता है, उसी तरह ज्ञानी पुरुष स्वयं पर ही शासन करता है। ज्ञानी पुरुष भला स्वयं पर कैसे शासन करता है? अहंकारी ने पुनः प्रश्न किया। बुद्धदेव शालीनता से बोले : लोगों द्वारा स्तुति-सुमनों की वर्षा किए जाने पर अथवा निंदा के अंगार बरसाने पर भी ज्ञानी पुरुष के भीतर से शांति की खुशबू चारों तरफ फैलती है। उसके हृदय का भाव सदाचार, दया, विश्व-प्रेम और शांति पर ही केंद्रित रहता है।

**नई दिल्ली** में केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी जी से मुलाकात किया। चुटिया में फ्लाईओवर निर्माण, मैक्लुस्कीगंज और खलारी में रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार, सिल्ली में सब-वे निर्माण से संबंधित आग्रह पत्र उन्हें सौंपा। इस पर सकारात्मक पहल पर बात हुई।

**– संजय सेठ, सांसद, रांची**

## रोचक ट्वीट

विधायक इरफान अंसारी जी ने कांग्रेस की जनजातीय समाज के प्रति दमनकारी दुर्भावना और जनजातीय समुदाय की नेतृत्व शक्ति के प्रति पूर्वाग्रह का घटिया प्रकटीकरण किया है। कांग्रेस को सर्वगुणसंपन्न मानकर पूजने की आदत जो हो गई है। **– अन्नपूर्णा देवी**





**बेटियों** के मान में चलो,
गरीबों के उत्थान में चलो,
दलित सम्मान में चलो,
किसान का दर्द भी सुनो,
हुंकार भरो

**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

## कार्टून वर्ल्ड

**वैश्विक स्तर पर बच्चों की हत्या...**



# सीमा पर तनाव के बीच भारत-चीन का अंतर

**टी. एन. नाइनन**

## सामयिक

एशिया में दो बड़ी ताकतों के उदय की कहानी तीन दशक पुरानी है और इसकी मियाद बीत चुकी है। चीन हर मोर्चे पर भारत को पीछे छोड़ चुका है और अब वह समूचे एशिया पर दबदबा चाहता है। शक्ति का असंतुलन हर मोर्चे पर स्पष्ट है और इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। चीन अब बीते दौर की इकलौती महाशक्ति को चुनौती दे रहा है जबकि भारत को अपने ही भूभाग को बचाने की कवायद करनी पड़ रही है। यह सही है कि दोनों देश समांतर कालखंड में प्रगति करते रहे हैं लेकिन दोनों की सफलता के परिमाण को देखें तो यह निरर्थक है।

आज चीन की स्थिति वैसी नहीं है जैसी सन 2010 में थी। उस वक्त मनमोहन सिंह और चीन के प्रधानमंत्री वेन च्यापाओ ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा था, 'दुनिया में भारत और चीन दोनों के विकास के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। निश्चित रूप से दोनों देशों के सहयोग के लिए भी ढेर सारे क्षेत्र मौजूद हैं।' इसके बाद भारत का प्रदर्शन जहां कमजोर पड़ता गया, वहीं चीन ने ताकत और प्रभाव दोनों बढ़ाया। इससे शक्ति संतुलन और अधिक डगमगा गया।

चीन दुनिया का प्रमुख विनिमार्ता है। वह सबसे बड़ा विनिर्मित वस्तु निर्यातक है और उसने अद्यतन तकनीक के साथ बढ़त बनाई है जिनमें से कई का सैन्य इस्तेमाल संभव है। हमारा सामना एकदम अलग किस्म के चीन से है। ऐसे में समानता का दिखावा दरअसल मुसीबत को न्योता है।

इस संदर्भ में सेवानिवृत्त राजनयिक राजीव डोगरा की नई किताब 'इंडियाज वल्र्डः हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स शेप्ड फॉरेन पॉलिसी' पढ़ें जानकारीपरक होगा।

उसमें दिए संदर्भ के मुताबिक सन 1962 की जंग के समय चीन के राष्ट्राध्यक्ष रहे लिउ शाओछी ने श्रीलंकाई राजनेता फेलिक्स भंडारनायके से कहा था कि सन 1962 की लड़ाई भारत का अहंकार और श्रेष्ठता का भ्रम तोड़ने के लिए हुई थी। पॉल केनेडी ने अपनी किताब 'द राइज ऐंड फाल ऑफ द ग्रेट पावर्स' में आर्थिक परिवर्तन के बीच सैन्य विवादों तथा अर्थशास्त्र और सामरिक नीति के बीच के संबंधों की बात की है। उनके मुताबिक किसी देश का उदय या पराभव युद्ध के समय नहीं बल्कि शांतिकाल में होता है और यह अन्य ताकतों के सापेक्षिक होता है, न कि विशिष्ट। जयशंकर की टिप्पणी को केनेडी की दलील पर कस कर देखें तो भारत ने चीन के साथ अपनी चर्चा में इस बात की अनदेखी कर दी कि यहां दोनों देशों के साथ-साथ विकास जैसी परिस्थितियां हैं भी या नहीं।

अच्छी बात यह है कि बातचीत के दौरान भारत खाली नहीं बैठा। उसने अन्य देशों के साथ संबंध बढ़ाकर चीन के साथ शक्ति असंतुलन दूर करने का प्रयास किया। उसने लद्दाख तक पहुंच की खातिर सीमा पर हर मौसम में चलने वाली सड़क बनाने हेतु सुरंग खोदीं, पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र पर पुल बनाए और विवादित सीमा तक सामान पहुंचाने के रास्ते तैयार कर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया।

यकीनन सेना 1962 जैसे हालात में नहीं है लेकिन उसका ध्यान इस बात पर है कि और जमीन न गंवाई जाए। बाकी बातें कूटनीति के हवाले हैं।सीमित बजट से मजबूत सेना नहीं बन सकती। इसके लिए विनिर्माण क्षमता और उन्नत तकनीक भी चाहिए।

मानव विकास सूचकांक और प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत काफी पीछे है। ऐसे में यह लक्ष्य कठिन हो जाता है। सीमा का गतिरोध और उससे जुड़ी अनिश्चितता में एक चेतावनी निहित है कि हम वास्तविक शक्ति बनने की दिशा में काम करें।

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी को जाने

**हिंदी** शब्द संस्कृत के सिंधु शब्द का अपभ्रंश माना जाता है। हिंदी का इतिहास वैसे तो करीब 1 हजार साल पुराना बताया जाता है, लेकिन बदलते वक्त में हिंदी भाषा बाजार की जरूरत बन चुकी है। देश का करीब 60 फीसदी बाजार हिंदी बोलने वालों का है। हर कंपनी के विज्ञापन का आधार सिर्फ और सिर्फ हिंदी है। यह बात हिंदी के महत्व को सिद्ध करती है।

**– अमित, गढ़वा**

### चीतो की मौत

बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट चीता के तहत, कुल 20 चीतों को दो दलों में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से केएनपी में लाया गया था। चार शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या 24 हो गई थी लेकिन नौ चीतों की मौत के बाद यह संख्या घटकर अब 15 रह गई है। सुपरमॉम दक्षिण अफ्रीका से लाई गईं ऐसी मादा चीतों को कहा जाता है, जो अधिक स्वस्थ और प्रजनन में दक्ष हैं। **– रविशंकर सिंह, रांची**

# ऐसी मानसिकता देश के विकास के लिए खतरनाक

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

## सामयिक

**हरियाणा** के मेवात में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान जो बवाल हुआ, उसमें दो होमगार्ड्स की मौत होने के साथ ही 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए। 120 से अधिक कारों और अन्य वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पूरी योजना बनाकर की गई यह आगजनी और हिंसा नूंह से होती हुई आसपास के कई जिलों में फैल गयी। मेवात से शुरू हुए एक वर्ग विशेष के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हिंसा के इस तांडव में एक बात और रेखांकित करने वाली है। कथित तौर पर अल्पसंख्यक वर्ग के नाबालिग बच्चों, युवाओं और यहां तक कि बुजुर्गों के साथ ही महिलाएं भी पत्थरबाजी में साथ देती हुई देखी गईं। जिस ब्रजमंडल यात्रा को सबसे पहले निशाना बनाया गया, उस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। हिन्दू समाज में किसी भी धार्मिक आयोजन में महिलाएं हमेशा से अग्रणी और प्रमुख भूमिका निभाती रही हैं। ब्रजमंडल यात्रा के लिए भी बड़ी संख्या में हिन्दू समाज जुटा था। पर मुस्लिम तबके की महिलाओं के दिलों में उन हिन्दू महिलाओं के लिए कोई दया भाव नहीं दिखा जो नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर में फंस गईं थीं। पुलिसकर्मियों के द्वारा बमुश्किल और भारी सुरक्षा के बीच, खुद की जान जोखिम में डालकर बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था। तब भी यह उन्मादी और हिंसक भीड़ लगातार पथराव और आगजनी कर रही थी।

सवाल यह कि इन जाहिल जिहादी मानसिकता वालों को क्या किसी का भय नहीं रहता? जब भी ये उन्मादी अपने मजहब के नाम पर एकजुट होकर हिंसक होते हैं तब ये सबसे पहले निरपराध-निर्दोष लोगों की दुकानों-मकानों-प्रतिष्ठानों और वाहनों को लूटने व आग लगाने को ही तत्पर क्यों रहते हैं? ऐसे करके ये हमेशा देश की आर्थिक प्रगति में रोड़ा क्यों बिछाते हैं? खुद आर्थिक रूप से पिछड़े होने के चलते क्या यह अन्य सम्पन्न लोगों. देश की तरक्की में योगदान देने वालों को ही निशाना बनाकर अपनी कुंठा ही तो नहीं निकालते हैं?

नूंह-मेवात में जो हुआ क्या वह पहली बार हो रहा है ? यह तर्क दिया जाना कि किसी मोनू मानेसर के सोशल मीडिया पर जारी संदेश के चलते अल्पसंख्यक तबका भड़का हुआ था और उसने प्रतिक्रिया में पत्थरबाजी की, असलियत से आंखे चुराने वाला है। देश में ज्यादातर जगह जहां भी कथित अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय प्रभुत्व में है, बहुसंख्यक है, वहां यदि हिन्दू समुदाय की धार्मिक यात्राएं निकलती हैं तो हमेशा तनाव पैदा होता है। नारेबाजी होती है, पथराव होता है और बहुत बार हिंसक घटनाएं होती हैं। कुछ जिहादियों द्वारा बार-बार धमकी दी जाती है, पुलिस फोर्स हटाकर देख लो! समझना होगा कि आखिर परेशानी किसको है ? क्या बहुसंख्यक हिन्दुओं को. जिन्होंने स्वयं से आगे होकर सर्वपंथ सद्भाव में विश्वास रखा है, जिन्होंने स्वयं से अपने लिए धर्मनिरपेक्ष समाज और शासन व्यवस्था चुनी, क्या यही उनकी सबसे बड़ी भूल है? ऐसा तभी क्यों होता है जब हिन्दू समाज को धार्मिक आयोजन करता है या यात्रा निकल रही होती है? जबकि इस देश का बहुसंख्यक समाज अन्य मतावलंबियों के धार्मिक आयोजनों में कभी व्यवधान पैदा नहीं करता। उनमें सहयोग करता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95704-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बड़ी कंपनियों में सफलता के मन्त्र



प्रशांत झा



**यह मंत्र आपको देगा इंटरव्यू में सफलता...। सच्चे मन से अपने काम पर फोकस करें...। नर्वस हुए तो अपना पक्ष क्लीयर जरूर कर दें...।**

करियर और जॉब के लिए लिखित परीक्षा का सामना तो आसानी से हो जाता है, लेकिन इंटरव्यू में ठंडे पसीने चलने लगते हैं। यानी उम्मीदवार इंटरव्यू में जाने से पहले ही नर्वस हो जाता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं किसी भी संस्थान में एडमिशन या नौकरी के लिए जब इंटरव्यू होता है तो उसे कैसे फेस करना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। जबकि ऐसे भी अवसर आते हैं जब नर्वस दिखने के बाद भी कुछ लोगों की जॉब लग जाती है।

## कमजोरी का जिक्र न करें

हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कमियां या कमजोरी होती है, खुद इसका जिक्र नहीं करना चाहिए। नहीं तो साक्षात्कार में आपकी इसे सबसे बड़ी गलती को लेकर ही सवाल शुरू हो सकते हैं। इसी तरह कमजोरियों की चर्चा भी न करें। नहीं तो आपसे सवाल पूछ सकते हैं कि आपने अपनी सबसे बड़ी कमजारियों को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उटाए।

## साक्षात्कार पर करें फोकस

अपने साक्षात्कार में हुई बातों के अलावा वेतन की बातचीत भी जरूर कर लेना चाहिए। लेकिन, एक्सपर्ट कहते हैं कि बतौर कैंडिडेट आप अपनी तरफ से वेतन का जिक्र न हीं करें तो अच्छा है। वेतन पर फोकस करके आगे की बात करेंगे तो इसमें खतरा है। आपका फोकस केवल साक्षात्कार पर होना चाहिए। जब आपसे वेतन की चर्चा हुई तो आप इस पर बात आगे बढ़ा सकते हैं। क्योंकि कंपनी को ऐसे कर्मचारी की जरूरत होती है कंपनी की वैल्यू को समझे और परफार्मेंस भी अच्छा थे। आप वेतन का खुद जिक्र करके ये न बताएं कि मेरा मकसद सिर्फ अच्छी सैलरी पाना ही है। आप अपने काम को ज्यादा से ज्यादा और अच्छे से अच्छे कैसे कर सकते हैं, इसके बारे में बताना चाहिए। आपका काम अच्छा होगा तो कंपनी खुद ही आपका वेतन बढ़ा देगी। जब इंटरव्यू के बाद नेगोशिएशन की बात होती है तो आप अपना पक्ष रख देना चाहिए।

## नकारात्मक सोच से नुकसान

यदि इंटरव्यू में सीधे सवाल कम पूछे जाएंगे। ऐसा भी हो सकता है कि इंटरव्यू पैनल का कोई सदस्य आपको पसंद नहीं कर रहा हो और वो तेड़े सवाल पूछने लगे। ऐसी स्थिति में आपकी निगेटिव लैंग्वेज से आपको बचना चाहिए। आप उनसे बात करते हुए सही तरीके से जवाब दें। ऐसा भी होता है कि आपको परखने या टेंपरामेंट को जानने की कोशिश की जा रही हो। याद रखें जो इंटरव्यू में बैठा है उन्हीं में से कोई आपका बॉस हो सकता है।

संभलकर बोलें

इंटरव्यू में विवादास्पद जवाबों से बचना चाहिए। आप उन्हीं बातों का जिक्र करें जिसका आपको नॉलेज हो। आप अपनी चुनौतियों का सामना करते हुए कंपनी को आगे ले जा सकते हैं, उन मुद्दों का जिक्र करें। आपका पूरा फोकस जॉब हासिल करने पर होना चाहिए। आपको अपने लंबे करियर की सोचकर जवाब देना चाहिए। क्योंकि कंपनी को परफेक्ट कैंडिडेट की जरूरत है और आपको नौकरी की जरूरत है। ऐसी स्थिति में आपको समझदारी से बातें करना चाहिए। आपकी बातों और विचारों से ही इंटरव्यू पैनल में बैठे लोग आप पर भरोसा कर सकते हैं।

## प्रभाव न डालें

इंटरव्यू के कक्ष में अपने एम्प्लॉयर या इंटरव्यू पैनल पर किसी तरह से प्रभावित करने की कोशिश नहीं करें। आपको खुद की क्वालिटी की बातें करना चाहिए। हर सवाल का जवाब कुछ अलग अंदाज में देने का प्रयास करें। प्रजेंटेशन और कन्वर्सेशन पर गौर करना चाहिए। एक-एक शब्द आपको सफलता की ओर बढ़ाते चलेगा।

## नर्वसनेस से दूर रहें

यदि साक्षात्कार में जरूरत से ज्यादा परेशान लग रहे हैं तो कोई कंपनी आपको हायर करने से बचेगी। क्योंकि इस केस में ईमानदारी ही सर्वोत्तम नीति होती है। पहले तो नर्वसनेस को दूर करें, किसी के सामने जाहिर नहीं होना चाहिए। नर्वस दिखने पर कंपनी आपको कमजोर और डरा हुआ व्यक्ति समझेगी और आपको रिजेक्ट कर सकती है। यदि कंपनी के लोग समझ गए हैं कि आप नर्वस हो रहे हैं तो उसके बदले में उन्हें कोई रीजन बता दें जिससे वे आप पर भरोसा कर सकें।

# यूपीएससी में सफलता के टिप्स



अनल कुमार




उपरोक्त वर्णित युक्तियों के अलावा, निम्नलिखित बातो को ध्यान में रखेंः

अपनी दैनिक जिम्मेदारियों के अनुरूप वर्तमान तैयारी की समयावधि को 6 से 8 घंटे कर के अपनी अध्ययन क्षमता को बढ़ाएं।

अगले चरण में पर्यावरण जैसे अधिक रोचक और आसान विषयों की ओर बढ़ने से पहले, इस चरण के अंततक सभी कठिन विषयों को पूरा करने का प्रयास करें।

क्योंकि, आप इस चरण में कठिन विषयों को उठा रहे हैं, इसलिये विषयों के बारे में जितना संभव हो उतनाविवरण प्राप्त करना सुनिश्चित करें ताकि आप सभी महत्वपूर्ण विषयों पर स्पष्टता व समझ प्राप्त कर सकें।

अनुशंसित पुस्तकों के अतिरिक्त आप एनसीईआरटी और अन्य प्रामाणिक ऑनलाइन स्रोतों से नोट्स बनानेके लिए सहायता ले सकते हैं।

महत्वपूर्ण बिंदुओं, घटनाओं, तिथियों, सूत्रों, आदि के लिए नोट्स बनाना सुनिश्चित करें, और ध्यान रहे कि

**इन्हें याद भी किया जाना चाहिए।**

पिछले कुछ वर्षों के प्रश्नों को हल करने के अभ्यास शुरू करें, इस प्रयास से आप यह जांचने मे सक्षम होंगे कि आप अपनी तैयारी प्रक्रिया के किस स्तर पर कहां पहुंचे हैं। अभ्यास से ही आप प्रश्नों के और उत्तर लेखन कौशल विकसित करने में सफल हो सकते हैं।

**तीसरा चरण : नवंबर से दिसंबर**

एक बार फिर से अपनी तैयारी की योजना व स्तर देखें, और पता लगाएं कि आपने सभी विषयों को कवरकिया है या नहीं। जैसा कि आप इस चरण में कठिन विषयों को लक्षित कर रहे हैं, इसलिये समय से इनका अध्ययन समाप्तकरें और आगे बाकी के विषयों में मजबूत पकड़ बनाने के लिये अनुशंसित पुस्तकों के साथ एनसीईआरटीबुक्स की मदद लें।अब पर्यावरण जैसे सरल विषयों के साथ-साथ अपने वैकल्पिक विषय का अध्ययन भी शुरू कर दें। **वैकल्पिक**

विषय के लिये एनसीईआरटी के साथ अपने वैकल्पिक विषय से संबंधित किताब से तैयारी शुरू करें।

इसके साथ-साथ, जो भी आपने अध्ययन किया है उसे संशोधित करना जारी रखें, और यह भी ध्यान रखें किइस चरण में अन्य सभी शेष विषयों को कवर किया जाना चाहिये। जैसा कि ऊपर बताया गया है कि करेंट अफेयर्स के महत्व को नजरअंदाज न करें, क्योंकि पर्यावरण, तकनीकी जैसे विषयों के लिये समसामयिकी को कवर करना अनिवार्य है। समसामयिक मामलों के अपडेट सिविल सेवा

परीक्षा परीक्षा के सभी तीन चरणों (प्रारंभिक, मुख्य एवं साक्षात्कार) में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

**चौथा चरण : जनवरी से फरवरी**

अधिकांश विषयों को पूरा करने के बाद, इस चरण में अब अपने वैकल्पिक विषय पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। यदि आपके पास कोई विषय शेष है, तो कृपया इसे इस चरण में लें और फरवरी के अंत तक संपूर्ण पाठ्यक्रमपूरा कर लें। इसी चरण में अपने रुचि के वैकल्पिक विषय को चुनने के साथ ही इसका अध्ययन शुरू करें, इसप्रकार से आपके भीतर सिविल सेवा परीक्षा के लिए उत्साह बना रहता है।

अब, परीक्षा के लिये बचे 2 से 3 महीने के समय में अपने सभी विषयों/टापिकों को अच्छी तरह दोहराएं औरजांचें, इन दो महीनों में अपने नोट्स पर अच्छी तरह से केन्द्रित करें, और अपने नोट्स में महत्वपूर्ण बिन्दुओं वजानकारियों को हाइलाइट करें व एक सुनियोजित स्टडी प्रारंभ करें।

**पांचवा चरण : मार्च से जून (मिशन प्रेलिम्स)**

प्रीलिम परीक्षा (जून) तक अपना पूर्ण ध्यान प्रीमिम्स परीक्षा में रखें।

जैसा कि आप पहले से ही अपने अधिकांश ;जीएस (सामान्य अध्ययन) प्रथम प्रश्न पत्र;के पाठ्यक्रम कोकवर कर चुके हैं, इसलिए प्राथमिक तैयारी के लिए त्वरित संशोधन व रिविजन के लिए यही समय है। साथ हीसिविल सर्विसेज एप्टीट्यूड टेस्ट (सीसैट) द्वितीय प्रश्न पत्र पर भी फोकस पर भी होना चाहिए,एनसीईआरटी की पुस्तको से गणित के प्रश्नों को हल करना शुरू करें, और जितना संभव हो सके पिछले सालके प्रश्न पत्रों को संपूर्ण हल करें।प्रीलिम्स के लिए टेस्ट सीरीज देने और इस जैसे अन्य अभ्यासीय प्रयास करने का यह सबसे अच्छा समय है।बहुत सी सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग लगभग 40 से 50 टेस्ट पेपर के साथ टेस्ट सीरीज कोर्स प्रदान करती हैं,

जिसमें जीएस पेपर और सीसैट पेपर दोनों का पाठ्यक्रम शामिल होता है। कुछ शिक्षण संस्थान स्पष्टीकरण केलिए उत्तर भी प्रदान करते हैं जो आपकी तैयारी प्रक्रिया व जानकारी के स्तर का आकलन करने में आपकीसहायता करेंगे। अपने सभी विषयों को पढ़ें और फिर दोबारा पढ़ें।

विशेष रूप से तिथियां / घटनाएं / नाम / आदि अच्छी तरह से अखबारों व अन्य प्रासंगिक स्रोतों से अपडेटरखें। मौजूदा मामलों से अवगत रहने और समझने के लिये आकाशवाणी समाचार, राज्य सभा, लोक सभा,भारतीय इयर बुक, आर्थिक सर्वेक्षण, योजना पत्रिका और अन्य करेंट अफेयर पत्रिकाएं पढ़ें जो कई आईएएसअकादमियां प्रदान करती हैं।

**यूपीएससी आईएएस परीक्षा के आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज।**


छठवां चरण : अक्टूबर से जुलाई (मिशन मेन्स)मेन्स परीक्षा की विशेष तैयारीः सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा अधिकतर जून के महीने में के पहले सप्ताह मेंआयोजित होती है, और मुख्य परीक्षा अक्टूबर के महीने में या उसके आसपास निर्धारित होती है। इन दोनोपरीक्षा के मध्य तकरीबन 3 महीने के समय का अन्तर होता है। तैयारी के चरण की इस अवधि में अपनी तैयारी के स्तर को और बढ़ाएं तथा दिन में 9-10 घंटे तक का समयअध्ययन के लिये नियोजित करें। याद रखें कि अब आपके पास मुख्य परीक्षा के लिए केवल 3 महीने शेष हैं।इस बात का विशेष ध्यान रहे कि अध्ययन के लिये कोई विषय छूट न गया हो, लेकिन अगर ऐसा कुछ है, तोएक महीने ही है उसे समाप्त करें और अपने सभी विषयों के लिए तीसरे चरण के संशोधन व रिवीजन में ध्यान केन्द्रित करें। तैयारी के इस चरण में अपने वैकल्पिक विषय पर विशेष ध्यान दें, तथा निबंध लेखन का नियमित आधार पर**अभ्यास करें।** यदि आप विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने का अभ्यास करें, तो सिविल सेवा परीक्षा में ये प्रयास आपकोअच्छे अंक अर्जित करने में मददगार साबित होगा। किसी विषय को प्रभावी ढंग से तैयार करने के लिए उससे जुड़ी केस स्टडीज को यथासंभव हल करें और उनकाविशलेषण कर उसमें अपनी समझ विकसित करें। मुख्य परीक्षा के लिये कई टेस्ट सीरीज उपलब्ध हैं जो लगभग हर आईएएस अकादमी प्रदान कराती है। इस प्रकार के टेस्ट देने तथा उनके द्वारा दिये गये उत्तरों के स्पष्टीकरण से आपकी तैयारी प्रक्रिया व स्तर में तेजीसे सुधार आएगा। इस प्रकार से अपने लेखन कौशल को बढ़ाने और विषयों पर अपनी राय तैयार करने के लिए सही दृष्टिकोण का विकास भी होगा।

उत्तर लेखन के महत्व को नजरअंदाज न करें, और इसका परिश्रम से अभ्यास किया जाना चाहि उत्तर लिखने कीनियमित आदत आपको मुख्य परीक्षा में सफलता दिलाने में मदद करेगी। सुनिश्चित करें कि आपका उद्देश्य उत्तर पुस्तिका को केवल पूरा भरना नहीं होना चाहिये, बल्कि अपना पूरा फोकस एक अच्छा उत्तर कैसे लिखा जाए? इस पर केंद्रित होना चाहिये।

इस लेख में दिए गये सुझावों की मदद से आप इस परीक्षा की तैयारी उचित तरीके से करने में सफल हों, और अगले वर्ष यूपीएससी आईएएस परीक्षा पास करने के अपने इस लक्षय को प्राप्त कर सकें। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु हिंदी माध्यम के लिये पुस्तक सूची और श्रोत हिंदी माध्यम के जेपीएससीअभ्यर्थी अक्सर यह जानना चाहते हैं कि हम सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान क्या पढें और क्या ना पढें। **(– लेखक करियर काउंसलर और प्रतियोगिता विषयों के जानकार हैं।)**

# जॉब एलर्ट

## भारतीय डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के 30041 पदों पर भर्ती



विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का चयन बिना परीक्षा के किया जाएगा। 10वीं पास अभ्यर्थी भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 3 अगस्त गुरुवार से शुरू होंगे। वहीं, आवेदन की आखिरी तारीख 23 अगस्त रखी गई है । हालांकि अभ्यर्थी फॉर्म में संसोधन 24 से 26 अगस्त तक कर सकेंगे।

**भर्ती डिटेल्स**

अभ्यर्थियों का चयन 10वीं के मेरिट के आधार पर किया जाएगा। भर्ती के जरिए ग्रामीण डाक सेवक, ब्रांच पोस्ट मास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद शामिल हैं।

**आवेदन शुल्क**

सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपए रखा गया है। जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडी और महिलाओं के लिए आवेदन निशुल्क रखा गया है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

**आयु सीमा**

न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष तक रखी गई है। आयु की गणना 23 अगस्त 2023 को आधार मानकर की जाएगी। हालांकि, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमों के मुताबिक छूट भी दी जाएगी।

**कौन कर सकता है आवेदन**

इंडिया पोस्ट जीडीएस भर्ती 2023 के लिए एजुकेशन क्लॉलिफिकेशन 10वीं कक्षा पास रखी गई है। साथ ही अभ्यर्थियों को स्थानीय भाषा का ज्ञान एवं कंप्यूटर और साइकिल चलाने का ज्ञान भी होना चाहिए।

**चयन प्रक्रिया**

अभ्यर्थियों को 10वीं के अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। बाद में मेडिकल टेस्ट कराया जाएगा और फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

**आवेदन के दौरान इन डॉक्यूमेंट्स की पड़ेगी जरूरत**

आधार कार्ड।

10वीं कक्षा की मार्कशीट।

मूल निवास प्रमाण पत्र।

पासपोर्ट साइज फोटो और सिग्नेचर

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी

जाति प्रमाण पत्र

पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट (यदि है तो)

## आईबीपीएस पीओ 3049 पदों पर भर्ती

अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह है कि आवेदन नोटिफिकेशन पढ़ने के बाद ही करें। बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) ने 1 अगस्त को प्रोबेशनरी ऑफिसर/मैनेजमेंट ट्रेनी (सीआरपी पीओ/एमटी-ककक) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट ृस्त्र२.ल्ल के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी का फॉर्म एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा।

प्रीलिम्स परीक्षा के लिए कॉल लेटर सितंबर 2023 को जारी किए जाएंगे। वहीं, प्रोबेशनरी ऑफिसर/मैनेजमेंट ट्रेनी के पद के लिए प्रीलिम्स ऑनलाइन परीक्षा सितंबर/अक्टूबर 2023 में होगी। जबकि रिजल्ट अक्टूबर 2023 में घोषित किया जाएगा। वहीं, मेंस एग्जाम नवंबर में आयोजित किया जाएगा। मेंस एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड परीक्षा से 10 दिन पहले जारी किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को जीडी और इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। फाइनल रिजल्ट प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू के बाद जारी किया जाएगा। हालांकि, प्रीलिम्स में नहीं पास होने वालों को अगली चरण की परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

**आयु सीमा**

भर्ती के लिए आयु 20 वर्ष से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि आयु सीमा में अभ्यर्थियों नियमों के मुताबिक छूट भी दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क**

ओबीसी और जनरल वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 850 रुपए है। जबकि अन्य के लिए आवेदन शुल्क 175 रुपए रखा गया है।

**आवेदन की योग्यता**

भर्ती के लिए भारत सरकार की तरफ से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री, या केंद्र सरकार की तरफ से मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि अभ्यर्थी के पास एक वैध मार्क-शीट / डिग्री प्रमाणपत्र होना चाहिए। क्योंकि रजिस्ट्रेशन के दौरान इसकी जानकारी मांगी जाएगी।

**ऐसे करें आईबीपीएस पीओ भर्ती के लिए आवेदन**

- सबसे पहले अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।
- इसके बाद रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
- पर्सनल डिटेल्स दर्ज कर-के सबमिट करें।
- इसके बाद फॉर्म भरें और डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
- फीस भरें और फाइनल सबमिट करें।
- इसके बाद आईबीपीएस पीओ फॉर्म की एक प्रति डाउनलोड कर अपने पास रख लें।

# आइआइटी रुड़की : 176 साल का गौरवमयी इतिहास




देश का सबसे पुराना इंजीनियरिंग संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आइआइटी)175 साल पूरे कर 176 वें साल में प्रवेश कर रहा है। यह प्रौद्योगिकी संस्थान 176 साल का गौरवमयी इतिहास समेटे हुए है। यह 1847 में ह्यथामसन कालेज आफ सिविल इंजीनियरिंगह्ल के तौर पर स्थापित हुआ था। देश को आजादी मिलने के बाद इस कालेज को 1948 में रुड़की विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था।

**24 से अधिक संकायों का संचालन कर रहा है संस्थान**

9 नवंबर 2000 को उत्तराखंड राज्य बनने के बाद 2001 में इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) में तब्दील कर दिया गया। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हरिद्वार से कानपुर तक निकलने वाली उत्तरी गंग नहर का निर्माण जब शुरू हुआ तो तब लेफ्टिनेंट गवर्नर जेम्स थामसन ने कालेज की स्थापना की थी ताकि गंग नहर के निर्माण में इंजीनियरों और सर्वेक्षकों की मदद की जा सके। अपनी स्थापना से लेकर आज तक 175 वर्षों में इस संस्थान ने देश को तकनीकी मानव संसाधन और जानकारी देने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की देश के आइआइटी संस्थानों में पांचवें स्थान पर आता है। वहीं यह संस्थान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में 369वें स्थान पर है।

24 से अधिक संकायों का संचालन कर रहा है संस्थान

176 साल पूर्व जब इस संस्थान की स्थापना की गई थी तब इसमें केवल सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े गिने-चुने संकाय ही थे और आज यह संस्थान 24 से ज्यादा संकायों का संचालन कर रहा है। इनमें प्रमुख रूप से अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी,डिजाइन विभाग,जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन,बी आर्क, नैनो प्रौद्योगिकी, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन,परिवहन प्रणालियां, विद्युत अभियंत्रण, इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, रासायनिक अभियांत्रिकी, कंप्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी , भूकम्प अभियांत्रिकी, कागज प्रौद्योगिकी, पालिमर एवं प्रोसेस अभियांत्रिकी भौतिकी विभाग, जल विज्ञान विभाग, जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा,प्रबंधन विभाग, गणित विभाग,यान्त्रिकी एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी आदि शामिल हैं।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर केके पंत ने छात्रों से कहा कि संस्थान में छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा एवं गणित सभी क्षेत्रों में समान अवसर दिए जा रहे हैं। एनआइआरएफ रैंकिंग-2023 में आइआइटी रुड़की को भारत में वास्तुकला एवं नियोजन के शीर्ष संस्थानों के रूप में स्थान मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के कार्यान्वयन में भी संस्थान सबसे आगे है।

# ये हैं फर्जी यूनिवर्सिटी




**यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन** ने 20 यूनिवर्सिटी को फर्जी घोषित कर दिया है। इनमें दिल्ली के आठ विश्वविद्यालय भी शामिल है। यूजीसी ने कहा कि इन संस्थानों को छात्रों को कोई भी डिग्री देने का अधिकार नहीं है। दिल्ली के अलावा कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल में भी फर्जी विश्वविद्यालय हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यूजीसी के संज्ञान में यह आया है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत डिग्री प्रदान कर रहे हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों की ओर से प्रदान की गई डिग्री की न तो मान्यता होगी और न ही उच्च शिक्षा या रोजगार प्रयोजन के लिए मान्य होगी। इन विश्वविद्यालयों को कोई डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है।

**दिल्ली में आठ फेक यूनिवर्सिटी**

दिल्ली में आठ फर्जी विश्वविद्यालय हैं। इनमें अखिल भारतीय सार्वजनिक और शारीरिक स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, व्यावसायिक विश्वविद्यालय, एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी, कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज, संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय, भारतीय विज्ञान एवं इंजीनियरिंग संस्थान, स्व-रोजगार के लिए विश्वकर्मा मुक्त विश्वविद्यालय और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय शामिल हैं।

**यूपी में चार फर्जी विश्वविद्यालय**

उत्तर प्रदेश में चार फर्जी विश्वविद्यालय हैं। इनमें गांधी हिंदी विद्यापीठ, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कॉम्प्लेक्स होम्योपैथी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस विश्वविद्यालय (मुक्त विश्वविद्यालय) और भारतीय शिक्षा परिषद शामिल हैं। इसके अलावा कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल में भी फर्जी विश्वविद्यालय हैं।

**इन राज्यों में भी फर्जी विश्वविद्यालय**

आंध्र प्रदेश में क्राइस्ट न्यू टेस्टामेंट डीम्ड यूनिवर्सिटी, बाइबिल ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया को फेक घोषित किया गया है। पश्चिम बंगाल में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च को फर्जी घोषित किया है। वहीं, कर्नाटक की बदगानवी सरकार वर्ल्ड ओपन यूनिवर्सिटी एजुकेशन सोसाइटी, केरल की सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी को फर्जी घोषित किया गया है।

महाराष्ट्र की राजा अरबी यूनिवर्सिटी, पुडुचेरी की श्री बोधि एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

पिछले साल यूजीसी ने 21 विश्वविद्यालयों की एक लिस्ट जारी की थी जिसमें इन यूनिवर्सिटीज को फर्जी बताया गया था। इस साल भी कई विश्वविद्यालयों का नाम इस लिस्ट में है।

यूजीसी के अनुसार, विश्वविद्यालय केवल तभी डिग्री देने के लिए अधिकृत हैं, जब वे केंद्रीय, राज्य/प्रांतीय अधिनियम के तहत स्थापित हों, या उन्हें डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता प्राप्त हो। इसके अलावा, संसद के एक अधिनियम द्वारा विशेष रूप से सशक्त संस्थानों को भी छात्रों को डिग्री प्रदान करने का विशेषाधिकार है।

# वेस्ट इंडीज ने पहले टी20 में भारत को चार रन से हराया

एजेंसी



**त्रिनिदाद।** त्रिनिदाद के तरौबा में स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की टी20आई सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम को 4 रन से हरा दिया। विंडीज कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। विंडीज टीम ने निकोल्स पूरन के 41 तो कप्तान रोवमैन पॉवेल के 48 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 149 रन बनाए। भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 विकेट पर 145 रन पर बना पाई। टीम इंडिया की ओर से तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। अंत के ओवरों में अर्शदीप सिंह ने भी कुछ शॉट लगाये लेकिन टीम जीत हासिल नहीं कर पाई। इससे पहले विंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग शुरूआत में ने शुरूआती ओवरों में ही ताबड़तोड़ शॉट लगाए। 5वें ओवर में गेंदबाजी करने आए युजी चहल ने पहली 3 गेंदों पर किंग और काइल मायर्स (1) का विकेट लेकर विंडीज का झटका दे दिया। इसके बाद कुलदीप यादव ने जॉनसन चार्ल्स को तीन रन पर चलता कर दिया। इस दौरान निकोल्स पूरन ने एक छोर संभालते हुए ताबड़तोड़ रन बनाए। निकोल्स पूरन ने 34 गेंदों पर 41 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे। पूरन को हार्दिक पांड्या ने पवेलियन की राह दिखाई। रोवमैन पॉवेल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 32 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्के लगाकर 48 रन बनाए और स्कोर 100 से पार लगाया। शिमरोन हेटमायर ने 12 गेंदों पर 10 रन बनाए। अंत में होल्डर ने स्कोर को 149 तक पहुंचाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और युजी चहल ने 2-2 विकेट लीं। हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही। शुभमन गिल 3 तो ईशान किशन 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और तेजी से रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 21 रन बनाकर आऊट हो गए। तिलक वर्मा में 22 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पांड्या 19 गेंदों पर 19 रन बनाकर आऊट हो गए। फैंस को कुछ उम्मीद संजू सैमसन से थी जिन्होंने 12 गेंदों पर 12 रन बनाए। सैमसन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आऊट हो गए। इसके बाद टीम इंडिया ने तेजी से विकेट गंवा दिए। कुलदीप यादव 3 रन बनाकर आऊट हुए। एक छोर पर खड़े अक्षर पटेल ने 13 रन का योगदान दिया जबकि अर्शदीप सिंह 7 गेंदों पर 12 रन बनाने में कामयाब रहे लेकिन टीम इंडिया को चार रन से हार झेलनी पड़ी।

### भारन ने टी20 प्रारूप में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**तरौबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)।** टीम इंडिया गुरुवार को पाकिस्तान के बाद 200 टी20 मैच खेलने वाली दूसरी टीम बन गई। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम इंडिया खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना 200वां मैच खेल रही है। टीम इंडिया ने गुरुवार को ब्रायन लारा स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती टी20 मैच में यह उपलब्धि हासिल की। पाकिस्तान इस विशिष्ट सूची में पहले स्थान पर है, उसने 223 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 134 जीते और 80 मैच हारे हैं। एक टीम द्वारा खेले गए सर्वाधिक ळ20क की सूची में भारत और पाकिस्तान के बाद न्यूजीलैंड (193), श्रीलंका और वेस्टइंडीज (179 प्रत्येक), ऑस्ट्रेलिया (174), इंग्लैंड (173), दक्षिण अफ्रीका (168) और बांग्लादेश और आयरलैंड (प्रत्येक 152) का नाम है। मैच की बात करें तो वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने गुरुवार को तरौबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में 5 मैचों की सीरीज के शुरूआती टी20 मैच में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दो युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा और मुकेश कुमार ने डेब्यू किया।

### स्कोर कार्ड

वेस्ट इंडीज : 149/6 (20ओवर)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| किंग एलबीडब्ल्यू चहल | 28 | 19 | 4/1 |
| मेयर्स एलबीडब्ल्यू चहल | 01 | 07 | 0/0 |
| चार्ल्स कै. तिलक बो. कुलदीप | 03 | 06 | 0/0 |
| पूरन कै. तिलक बो. पंड्या | 41 | 34 | 2/2 |
| पॉवेल कै. सूर्यकुमार बो. अर्शदीप | 48 | 32 | 3/3 |
| हेटमायर कै. पटेल बो. अर्शदीप | 10 | 12 | 1/0 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 04 | 06 | 0/0 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 06 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त : 08

विकेट पतन: 1-29, 2-30, 3-58, 4-96, 5-134, 6-138.

गेंदबाज: अर्शदीप सिंह : 4-0-31-2, मुकेश कुमार: 3-0-24-0, अक्षर पटेल: 2-0-22-0, युजवेंद्र चहल : 3-0-24-2, हार्दिक पंड्या : 4-0-27-1, कुलदीप यादव : 4-0-20-1.

भारत: 145/9 (20 ओवर)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| किशन कै. पॉवेल बो. मैक्कॉय | 06 | 09 | 1/0 |
| गिल स्टंप पूरन बो. अकील | 03 | 09 | 0/0 |
| सूर्यकुमार कै. हेटमायर बो. होल्डर | 21 | 21 | 2/1 |
| तिलक कै. हेटमायर बो. शेफर्ड | 39 | 22 | 2/3 |
| हार्दिक पंड्या बो. होल्डर | 19 | 19 | 3/0 |
| सैमसन रन आउट(मेयर्स) | 12 | 12 | 0/1 |
| अक्षर कै. हेटमायर बो. मैक्कॉय | 13 | 11 | 0/1 |
| कुलदीप बो. शेफर्ड | 09 | 09 | 0/0 |
| अर्शदीप आउट (हेटमायर/ पूरन) | 12 | 07 | 2//0 |
| चहल नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन :1-5, 2-28, 3-67, 4-77, 5-113, 6-113, 7, 129, 8-140, 9-144.

गेंदबाज : अकील हुसैन : 4-0-17-1, ओबेड मैक्कॉय : 4-0-28-2, अल्जारी जोसफ : 4-0-39-0, जेसन होल्डर : 4-1-19-2, रोमारियो शेफर्ड : 4-0-33-2.

## दक्षिण क्षेत्र ने जीती देवधर ट्रॉफी

**पुडुचेरी।** दक्षिण क्षेत्र ने रोहन कुन्नूमल (107) के शतक की बदौलत गुरुवार को फाइनल में पूर्व क्षेत्र को 45 रन से हराकर नौंवी बार देवधर ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 328 रन बनाये। इसके जवाब में पूर्व क्षेत्र की टीम 46.1 ओवर में 283 रन पर ऑलआउट हो गयी।

## अशरी ने दिलायी मलेशिया को जीत

**चेन्नई।** मलेशिया ने फिरहान अशरी के दो गोलों के दम पर एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 3-1 से मात दी। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में अशरी ने 28वें और 29वें मिनट में गोल किये। मलेशिया का तीसरा गोल शेलो सिल्वेरियस (44वां मिनट) ने किया। अब्दुल रहमान ने 55वें मिनट में पाकिस्तान का एकमात्र गोल किया लेकिन यह सिर्फ मलेशिया की जीत के अंतर को कम कर सका।

## कोरिया का अभियान जीत के साथ शुरू

**चेन्नई।** गत चैंपियन कोरिया ने गुरुवार को अपने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी अभियान की शुरूआत जापान को 2-1 से हराकर की। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में कीलोन पार्क (27वां मिनट) और जुंगहू किम (35वां मिनट) ने कोरिया के गोल किये। रयोमा ऊका ने छठे मिनट में पहला गोल जमाकर जापान को शुरूआती बढ़त दिलाई थी लेकिन टीम इसके बाद पिछड़ती चली गयी।

## चैंपियनशिप में 80 स्वर्ण पर लगेगा दांव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पांच अगस्त से शुरू होने वाली 14वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 16 राज्यों के खिलाड़ी 80 स्वर्ण पदकों के लिये जोर आजमाइश करेंगे। गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली दो दिवसीय चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में खेली जायेगी। एसोसियेशन के सचिव जावेद खान ने बताया कि चैंपियनशिप में 80 स्वर्ण, 80 रजत व 160 कांस्य पदकों के लिए मुकाबला होगा। चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश, गत विजेजा उत्तराखंड के अलावा मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, मेघालय, हरियाणा , दिल्ली, बिहार, आंध्र प्रदेश , तेलंगाना, जम्मू कश्मीर ,तमिलनाडु, राजस्थान की टीमें भाग लेंगी।

## क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु

**सिडनी।** भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे। इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूनार्मेंट से बाहर हो गये। खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की। पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली जी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा। महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

## मिरांडा बने भारतीय अंडर-23 टीम के कोच

नयी दिल्ली, 03 अगस्त (वार्ता) पूर्व भारतीय फुटबॉलर क्लिफोर्ड मिरांडा को अंडर-23 पुरुष टीम का कोच नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ ने गुरुवार को आईएम विजयन की अध्यक्षता में हुई तकनीकी समिति की बैठक के बाद यह निर्णय लिया। इस बैठक में पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमैक्स लॉरेंस, यूजेनिसन लिंगडोह और एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद शब्बीर पाशा उपस्थित रहे।

# एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी : भारत ने चीन को 7-2 से पीटा

एजेंसी



**चेन्नई।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह और कुमार वरुण के दो-दो गोलों की बदौलत भारत ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में गुरुवार को चीन को 7-2 से रौंदकर अपने अभियान का विजयी आगाज किया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हरमनप्रीत ने छठे और नौंवे मिनट में गोल किया, जबकि वरुण ने 19वें और 30वें मिनट में गोल दागे। इसके अलावा सुखजीत सिंह (15वां मिनट), आकाशदीप सिंह (16वां मिनट) और मनदीप सिंह (40वां मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। चीन के गोल वेनहुई ई (18वां मिनट) और जीशेंग गाओ (25वां मिनट) ने किये। भारतीय टीम ने 15 साल बाद चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी के आगमन को एक यादगार क्षण बनाया। एग्मोर के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारतीय टीम की वापसी को अनुभव करने आये दर्शकों को पहले क्वार्टर से ही मेजबानों का वर्चस्व देखने को मिला। भारत ने शुरूआती 15 मिनटों में कुल पांच पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये। इनमें से दो को हरमनप्रीत ने और एक को सुखजीत ने गोल में तब्दील किया। दूसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में वेनहुई के फील्ड गोल के अलावा भारत का दबदबा जारी रहा। क्वार्टर के पहले ही मिनट में आकाशदीप ने एक फील्ड गोल किया। गाओ ने 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर चीन का दूसरा गोल किया लेकिन हाफ टाइम से पहले वरुण ने दो पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में बदलते हुए भारत की बढ़त 6-2 कर दी। हाफ टाइम के बाद चीन ने अधिक अनुशासन दिखाया और भारत को सिर्फ दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करने दिये। चीन के गोलकीपर वांग वीहाओ ने 33वें मिनट में पहले हरमनप्रीत के ड्रैगफ्लिक को रोका, और फिर आकाशदीप की कोशिश को बेअसर किया। मनदीप ने हालांकि 40वें मिनट में अमित रोहिदास की मदद से भारत का सातवां गोल कर दिया। दूसरी ओर, चीन 44वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर का लाभ नहीं ले सका और चौथे क्वार्टर में 2-7 से पिछड़ा रहा।

वीहाओ की सराहनीय गोलकीपिंग के कारण भारत आखिरी क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर सका, हालांकि अंतिम मिनटों में चीन की ओर से भी वापसी के लिये कोई संघर्ष देखने को नहीं मिला। इस विशाल जीत के बाद भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को जापान से होगा। चीन इस करारी हार से उभरते हुए मलेशिया का सामना करेगी।

## कोलंबिया पर उलटफेर कर सुपर-16 में मोरक्को

**पर्थ।** विश्व रैंकिंग में 72वें नंबर की मोरक्को ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए गुरुवार को कोलंबिया को 1-0 से मात दी। मोरक्को ने निब स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एच मुकाबले में अनीसा लहमारी (45+4वां मिनट) के गोल की बदौलत जीत हासिल करते हुए सुपर-16 में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद कोलंबिया ग्रुप-एच की शीर्ष टीम के रूप में प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी, हालांकि मोरक्को ने विश्व नंबर दो जर्मनी को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। जर्मनी को सुपर-16 में पहुंचने के लिये दिन के एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराना था। एशियाई टीम ने जर्मनी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। चो सो ह्यून ने छठे मिनट में गोल जमाकर दक्षिण कोरिया को शुरूआती बढ़त दिला दी। एलेक्जेंड्रा पॉप ने 42वें मिनट में गोल जमाया लेकिन यह जर्मनी को ड्रॉ से आगे नहीं ले जा सका।

## मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**कोलकाता।** भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, ?क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुजार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीजन में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी।

## गन्ने के खेत से मिला मृत नाबालिग का शव

**बेतिया।** जिला के योगापट्टी में एक गन्ने के खेत से एक नाबालिक छात्र का शव बरामद किया गया है। गांव के लोगों की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया। मृत छात्र की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव के निवासी उमेश यादव का 17 वर्षीय पुत्र दीपक के रूप में हुई है।

## तीन किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के प्रमुख सीमाई शहर रक्सौल में पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त कारवाई करते हुए अलग अलग स्थानों से तीन किलो चरस के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिली की कुछ तस्कर नेपाल से चरस लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस व एसएसबी महदेवा के सहयोग से महदेवा के समीप नेपाल के परसा मिलन चौक निवासी शेख तजमुल के पुत्र शेख अनवर को 1 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। वही दुसरी कारवाई हरैया ओपी पुलिस के जवानों ने की है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि नेपाल से चरस लेकर आने की सूचना के बाद लोगो की तलाशी शुरू की गयी। युवक की बैग की जांच के क्रम में उसके बैग से 4 पॉकेट में 2 किलो चरस बरामद किया गया। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 8 लाख रुपये आंकी गयी है।

## विवाहिता ने की आत्महत्या, हत्या का आरोप

**नवादा।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव में एक विवाहिता की जहर खाने से गुरुवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के विनय कुमार की पत्नी पूर्णिमा कुमारी के रूप में की गई है। मायके परिवार के लोगों ने ससुराल वालों पर खाने में जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। उधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया है। घटना के संबंध भाई रंजीत कुमार ने बताया की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व केंदुआ गांव निवासी सहदेव सिंह के पुत्र विनय से हुई थी।

## मलमास मेले में बेटियां सजायेंगी मिथिला पेंटिंग

**समस्तीपुर।** बिहार के राजगीर में चल रहे प्रसिद्ध मलमास मेले में नाबार्ड द्वारा आगामी 08 से 17 अगस्त तक लगाये जाने वाले स्टॉल पर समस्तीपुर की बेटियां मिथिला पेंटिंग का जलवा बिखेरेंगी। औसेफा के निदेशक देव कुमार ने गुरुवार को यहां पत्रकारों को बताया कि नाबार्ड प्रायोजित अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन द्वारा तीस बच्चियों को मिथिला लोक चित्रकला का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि राजगीर मलमास मेले के प्रदर्शनी में संस्था के प्रशिक्षित युवा कलाकार मधु देवी एवं सौम्या सुमन का चयन किया गया है जो समस्तीपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

## सारण में युवक का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार को एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर अनवल गांव के समीप से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है।

## सारण में सरयू नदी में डूबकर युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र में गुरूवार को सरयू नदी में डूबकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नयका लोहा टोला गांव निवासी शुभम कुमार सिंह (14) अपने तीन दोस्तों के साथ सरयू नदी में स्नान करने गया हुआ था। इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से शुभम की डूबकर मौत हो गयी।

# पीएम मोदी समस्तीपुर मंडल के 12 स्टेशनों के आधुनिकीकरण कार्य का कल करेंगे शिलान्यास

एजेंसी



➲ सलौना सहित समस्तीपुर मंडल के 12 स्टेशनों के कायाकल्प पर खर्च होंगे एक हजार पांच करोड़

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीते नौ साल में देश के विकास में आमूलचूल परिवर्तन किया है। सभी क्षेत्रों में विकास के साथ ना केवल भारत विश्व गुरु बन रहा है, बल्कि आधारभूत संरचना भी मजबूत किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यात्री सुविधा के विस्तार के लिए देश भर में स्टेशनों को चयनित कर उसे स्मार्ट बनाया जा रहा है। अब छह अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेल के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाना है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत समस्तीपुर मंडल के 12 स्टेशनों का पुनर्विकास कर विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान किया जाएगा। इसमें समस्तीपुर-खगड़िया रेल खंड पर अवस्थित बेगूसराय जिला के एक महत्वपूर्ण स्टेशन सलौना को शामिल किया गया है। अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के मुख्य भवन को उस स्टेशन के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए भव्य आकर दिया जायेगा। यात्रियों के लिए एयरपोर्ट जैसी सुविधा का प्रावधान किया जाना है। योजना के तहत स्टेशन पर विभिन्न सुविधाओं पैदल उपरगामी पुल, साइनेजेज, सरकुलेटिंग एरिया, हाई मास्ट लाईट, डिजिटल घडी, पी.पी. शेल्टर, स्टेशन भवन, हाई लेवल प्लेटफार्म, प्लेटफार्म सतह, मुख्य और द्वितीय प्रवेश द्वार, लिफ्ट, आईपीआईएस, एस्केलेटर, फेसेड एवं कॉनकोर्स आदि का निर्माण और विकास किया जाना है। योजना के तहत समस्तीपुर मंडल के 12 स्टेशनों को 1005.4 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जाना है। समस्तीपुर स्टेशन के लिए 24.1 करोड़, सहरसा 41 करोड, जयनगर 17.5 करोड़, मधुबनी 20 करोड़, नरकटियागंज 29.3 करोड़, सुगौली 23.3 करोड़, सकरी 18.9 करोड़, बनमनखी 21.5 करोड़, सलौना 22.3 करोड़, सीतामढ़ी 242 करोड़, दरभंगा 340 करोड़, बापूधाम मोतिहारी 205 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। डीआरयूसीसी सदस्य नीरज नवीन ने बताया कि सलौना स्टेशन सात नवम्बर 1915 में अस्तित्व में आया। इसकी जानकारी भारतीय इतिहास रेलवे अनुपूरक (शिमला, 1968) ब्रिटिश लाइब्रेरी में मिलती है। यह उस समय बंगाल एवं उत्तर पश्चिम रेलवे का अंग था। सलौना रेलवे स्टेशन समस्तीपुर-खगड़िया खंड पर स्थित है। यह जिले का उपखंड एवं महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र है। यह महत्वपूर्ण मक्का उत्पादक क्षेत्र भी है। यहां स्थानीय महत्व के धार्मिक स्थान भी हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सलौना स्टेशन का पुनर्विकास किया जाना है। जिसके लिए केंद्र सरकार के तरफ से 22.3 करोड़ रुपये की स्वीकृत दी गई है। इसमें पैदल उपरगामी पुल, साइनेजेज, सकुर्लेटिंग एरिया का विकास, हाई मास्ट लाईट, डिजिटल घड़ी, पीपी शेल्टर, स्टेशन भवन का पुनर्विकास एवं हाई लेवल प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा।

## अपराधी मंटू शर्मा गिरफ्तार

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार में नामचीन कुख्यात अपराधी गिरोह में शामिल शंभू मंटू गिरोह के कुख्यात मंटू शर्मा और शूटर गोविंद को पटना एसटीएफ की टीम ने तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है मुजफ्फरपुर के चर्चित प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही हत्याकांड मामले में मंटू शर्मा समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज है ।जिसके बाद पुलिस की टीम और पटना एसटीएफ की टीम लगातार गिरफ्तारी के लिए खाक छान रही थी। इसी कड़ी में पटना एसटीएफ की टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात मंटू शर्मा अपने शूटर गोविंद के साथ रामेश्वरम से अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लिए रवाना होने वाला है।

## किशनगंज से गायब हुई दुल्हन गुरुग्राम में मिली

**किशनगंज।** मुजफ्फरपुर निवासी एक दंपती के हनीमून मनाने जाने के दौरान ट्रेन से लापता हुई पत्नी को गुरुग्राम में बरामद किया गया है। महिला की बरामदगी की सूचना मिलने के बाद किशनगंज रेल पुलिस गुरुग्राम के लिए रवाना हो गई है। फिलहाल महिला को पुलिस कस्टडी में रखा गया है। किशनगंज के जीआरपी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने ट्रेन से लापता महिला को गुरुग्राम के एक मार्केट से बरामद किया है। उसे फिलहाल पुलिस कस्टडी में रखा गया है। महिला ट्रेन से गुरुग्राम कैसे पहुंची, इसका अब तक पता नहीं चल पाया है। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी थाना क्षेत्र के निवासी प्रिंस कुमार बिजली विभाग के स्टाफ हैं। प्रिंस की बीते फरवरी महीने में ही मधुबनी के जयनगर निवासी काजल से शादी हुई थी।

## कुरीतियों से ऊपर उठकर समाज को संगठित करना है संघ का दृष्टिकोण : रविशंकर



**बेगूसराय।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह विसेन ने कहा है कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं है। बल्कि इसके कण-कण में ईश्वर का वास है। इसलिए संघ के स्वयंसेवक देश को अपनी मां मानकर निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा को संकल्पित होते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रभात शाखा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हमारा देश तो आजादी के समय ही स्वाधीन हो चुकी थी। लेकिन पूर्णरूपेण स्वतंत्रता हमें अभी भी नहीं मिली। जात-पात, ऊंच-नीच इन सभी सामाजिक कुरीतियों से ऊपर उठकर हिंदू समाज को संगठित करना ही संघ की दृष्टिकोण में पूर्ण स्वतंत्रता का सार है। इसके लिए आगामी 25 वर्षों की कार्य योजना तैयार की जा रही है। जिला संचालक मनोरंजन वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन होने के नाते इसके स्वयंसेवकों को नए-नए स्थानों पर शाखा लगाने एवं संघ की गतिविधियां को बढ़ाने पर जोड़ देना चाहिए। जिससे आगामी वर्षों में संघ का शताब्दी वर्ष पूरा होने पर समाज इसे उत्सव के रूप में मनाए। भारतीय संस्कृति और इसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना इस कार्य में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शाखा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रीयता का भाव उत्पन्न करना संघ की कल्पना है। शाखा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा सहित नगर वासी शामिल हुए। बखरी नगर, ग्रामीण, गढ़पुरा, नावकोठी एवं डंडारी प्रखंड के स्वयंसेवकों की बैठक भी रामा पैलेस में आयोजित हुई। जिसमें प्रांत प्रचारक को सुनने के लिए बड़ी संख्या में नगर के व्यवसायी, महिला वर्ग सहित संघ के अनुषांगिक इकाइयों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की शिक्षक संघों के साथ बैठक कल



**पटना।** बिहार में लंबे समय से चल रहे शिक्षक संघों के आंदोलन को देखते हुये आखिरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षक संघों के सदस्यों के वार्ता करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने पांच अगस्त को शिक्षक संघों की बैठक बुलायी है। बैठक मुख्यमंत्री आवास में पांच अगस्त को शाम चार बजे से होगी। शिक्षकों के साथ बनी तनातनी के बीच अब समाधान के लिए नीतीश कुमार ने सभी के साथ बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री नीतीश ने पहले ही शिक्षक संघों को आश्वासन दिया था कि वे उनके साथ वार्ता करेंगे। इसी के तहत अब नीतीश ने 5 अगस्त को बैठक बुलाई है। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ राज्य के विभिन्न शिक्षक संघ के नेताओं के साथ ही राज्य की सत्ताधारी महागठबंधन के तमाम दलों के नेताओं को भी इस बैठक में बुलाया गया है। बैठक में शिक्षक संघों की विभिन्न मांगों पर मुख्यमंत्री चर्चा करेंगे। इसके बाद उसके समाधान तलाशने का रास्ता निकाला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि बिहार में 01 लाख 70 हजार शिक्षकों की बहाली होनी है। इसके लिए उन्हें बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा देनी है। इसका राज्य के मौजूदा शिक्षक विरोध कर रहे हैं। नीतीश सरकार ने राज्य में नई डोमिसाइल नीति लागू की है यानी अब बिहार के बाहर के लोग भी शिक्षक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसका भी शिक्षक संघ सहित नीतीश सरकार में शामिल कई घटक दल विरोध कर रहे हैं जबकि राज्य कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

स्पीड न्यूज

## नालों की स्वीकृति के लिए सीएम को विधायक ने सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 3 बड़े नालों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति तथा आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से विधायक ने कहा की जुगसलाई नगर परिषद द्वारा तीन बड़े नालों का प्राक्कलन मेरे निर्देश के आलोक में तैयार कर उसे संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया है। परंतु नगर परिषद के पास उक्त नालों के निर्माण के लिए राशि अनुपलब्धता के कारण अपनी असमर्थता व्यक्त की गई है। उक्त नालों के निर्माण के अभाव में हमेशा क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। साथ-साथ बरसात के दिनों में पानी घरों में घुस जाता है, जिससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने की भी आशंका हमेशा बनी रहती है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र उसकी प्रशासनिक स्वीकृति के साथ-साथ आवंटन उपलब्धता हेतु अपने स्तर से आदेश देने की कृपा की जाए। इस विषय पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि आज माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत तेजाब नाला में सफीगंज मोहल्ला से परशुराम सिंह जी के घर के पास वाले पुलिया तक, स्टेशन रोड में छप्पन भोग मोड से ऋषि भवन एवं नया बाजार होते हुए तेजाब नाला तक और नया बाजार बोरा पट्टी पुलिया से डी.बी रोड पुलिया होते हुए दिनेश अग्रवाल के घर तक आरसीसी पक्का नाले के निर्माण की स्वीकृति देने हेतु मांग पत्र सौंपा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बरसात के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है लोगों के घरों में पानी घुस जाता है जिस से निजात दिलाने के लिए इन नालों के निर्माण की आवश्यकता है।

## कथा श्रवण में शामिल होना सौभाग्य की बात : काले



**जमशेदपुर।** सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट की ओर से साकची स्थित महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। इस मौके पर आचार्य श्री राजेन्द्र श्री महाराज, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से कथा प्रस्तुत किया गया। काले ने कहा कि शिव महापुराण कथा में शामिल होना सौभाग्य की बात है। इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा समिति द्वारा आयोजित इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी।

## एसएसपी से मिला जमशेदपुर नागरिक परिषद का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** पूर्व निर्धारित समयानुसार गुरुवार को जमशेदपुर नागरिक परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल सिनियर एस पी जमशेदपुर के कार्यालय में मिलकर शहर के अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त किये और शहर को कैसे अपराधमुक्त बनाया जाय तथा शान्ति व्यवस्था कायम किया जाय इस पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अपराधिक घटनाएं जरूर हो रही है जिस पर हमें अफसोस है। उन्होंने जनवरी 23 से अभी तक का एक ग्राफ दिखलाया कि हर महीने अपराधिक घटनाएं कम हो रही है।

# झारखंड में महिलाएं असुरक्षित, नाइट ड्यूटी कराना उचित नहीं : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा ने हेमंत सरकार के कारखाना संशोधन अधिनियम विधेयक के उस प्रावधान पर सवाल खड़े किये हैं जिसमें महिलाओं के लिए शाम 7 से सुबह 6 बजे तक काम करने के प्रावधान को विधानसभा ने मंजूरी दी है। भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा की समानता के अधिकार के नाम पर बिना स्थानीय वास्तविकताओं पर विचार किए और उनमें सुधार किए बिना कुछ भी नियम पारित करना अप्रासंगिक है। कुणाल ने कहा की भाजपा के वॉकआउट के बाद सदन में इस विधेयक को ध्वनि मत से पारित किया गया। भाजपा की ओर से कुणाल षाड़ंगी ने सवाल करते हुए राज्य सरकार से पूछा है की जो राज्य सार्वाधिक दुष्कर्म और महिलाओं के प्रति हिंसा, उत्पीड़न के मामलों में देश भर में अव्वल हो वहां जल्दबाजी में महज वाहवाही बटोरने के लिए ऐसे निर्णयों को लेने के पहले सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करना चाहिए। सरकार चिंता करे की महिलाओं के प्रति हिंसा मामलों से कैसे निबटारा होगा। भाजपा ने मांग किया कि इस संशोधन पर शीघ्र विचार किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इसके नकारात्मक परिणामों से बचा जा सके।

# शिविर में 184 को लगा कृत्रिम अंग, 210 को मिली कान की मशीन

## 33 को मिली बैसाखी

## मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के शिविर के समापन सत्र में पहुंचे रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आज तीसरे व अंतिम दिन में मंच के अध्यक्ष मोहित मुनका ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन 3 दिनों में मंच ने 210 लोगों के बीच कान की मशीन प्रदान की गई ।

इस शिविर में 38 लोगों को कैलिपर्स, 33 लोगों को वैशाखी, 43 लोगों को घुटने के ऊपर के 68 लोगों को घुटने के नीचे के अंग व 35 लोगों को कृत्रिम हाथ प्रदान की जायेगी। क्योंकि पंजीकरण अपेक्षा से अधिक हो गई थी इसलिए अंग वितरण की तिथि 1 दिन और बढ़ा दी गई है। गुरुवार को समापन समारोह की गरिमा को चार चांद लगाने



शिविर में लाभुक के साथ रघुवर व आयोजक।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपनी उपस्थिति दी। उन्होंने मंच के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मंच जो सेवा प्रदान कर रही है वह काबिले तारीफ है यह ऐसी सेवा है जिससे ईश्वर का आशीर्वाद सीधे प्राप्त होता है मंच की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्होंने भविष्य के लिए मंच को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपने हाथों से खुद दिव्यांगों को पैर व कान की मशीन प्रदान की। मंच के समापन समारोह की महिमा को और बढ़ाने के लिए ललित केडिया (चेयरमैन भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति) नेमी अग्रवाल (सचिव भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति) दिलीप गोयल (अध्यक्ष राजस्थान सेवा समिति एवं समाजसेवी) एके श्रीवास्तव (भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष) एवं मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता की उपस्थिति सम्माननीय रही। ललित केडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति करीब 50 से अधिक कैंप करवा चुकी है पर यह ऊर्जा इन्हे स्टील सिटी उनमें से यह शिविर अपने आप में एक मील का पत्थर साबित हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मंच के कई सदस्यों का योगदान रहा, जिनमें से मुख्यता अध्यक्ष मोहित मुनका,सचिव सौरव संथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल संयोजक पंकज संघी, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, दीपक पटवारी, विशाल अग्रवाल, विष्णु गोयल, मनीष बंसल,नंद किशोर अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल,नवनीत बंसल, आलोक अग्रवाल, पंकज अगीवल, अंकित मुनका, अंकुर मोदी, अनुज गुप्ता,अनीश पटवारी, राहुल बंसल, निलय अग्रवाल, राहुल चौधरी, रमेश अग्रवाल एवं मंच के अन्य सदस्यों की उपस्तिथि रही।

# सड़क हादसा : माता-पिता की मौत के बाद बेटे की चली गयी याददाश्त

## कोलकाता के अस्पताल में चल रहा है इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की सड़क पर 12 जून को रफ्तार की कहर से बर्बाद हुए परिवार में बचा किशोर अभी भी जीवन और मौत के बीच झूल रहा है। मृत बीसीसीएल सर्वे अधिकारी राणा दास का बेटा ऋषभ कोमा से तो बाहर आ गया है लेकिन उसकी यादाश्त चली गई है। फिलहाल वह बीसीसीएल के खर्चे पर कोलकाता के न्यूरो अस्पताल में इलाज रत है। ऋषभ से मिलने मोहल्ले के कुछ लोग कोलकाता अस्पताल गए थे लेकिन वह उन्हें नहीं पहचान सका। उसके पालतू कुत्ते का वीडियो भी दिखाया गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### दुर्घटना में माता-पिता को खो दिया है ऋषभ

इस दुर्घटना में उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। सिर्फ वही बचा है लेकिन लंबी इलाज के बाद के बाद भी उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं आ रहा है। धनबाद की धैया सड़क पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के मौसेरे देवर हर्ष सिंह की कंपनी की गाड़ी ने रॉन्ग साइड में दौड़ती हुई बीसीसीएल के सर्वेयर की बाइक को धक्का मार दिया था। उस बाइक पर सर्वे अधिकारी राणा दास और उनकी पत्नी मानसी दास और बेटा ऋषभ सवार थे। सर्वेयर की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पत्नी अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया, जबकि बेटा ऋषभ जीवन और मौत से अभी भी जूझ रहा है। इस घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई ढीली दिखी, हालांकि गाड़ी चलाने का दावा करने वाले चालक ने इस मामले में न्यायालय में समर्पण कर जमानत ले ली है।



### पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप

इस घटना ने धनबाद में खूब सुर्खियां बटोरी और पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगा। जब्त दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को छुड़ाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दुर्घटना में एक परिवार को तबाह और बर्बाद कर दिया है। रात के अंधेरे में धनबाद की सड़कों पर रेस का खेल अभी चल रहा है। यह कितनों की जान लेगा, यह कहना मुश्किल है। चार पहिया वाहन की बात कौन कहे दो पहिया वाहन प्रेशर हॉर्न लगाकर जिस तरह से दौड़ते है, रोज किसी न किसी को दुर्घटना का कारण बनाते है। वैसे धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था लाइलाज बीमारी बन गई है। साथ ही सड़कों पर मनबढ़ू युवकों का आतंक भी कम नहीं है।

## धनबाद में अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**धनबाद।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद है पुलिसिया कार्रवाई का डर नही है देर बुधवार रात धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत नई दिल्ली एलटी स्कूल के समीप अज्ञात लोगों ने एक युवक को गोली मार दी। जिसके बाद उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गणेश चौहान नामक युवक धनसार एचटी स्कूल के समीप खा-पीकर अपने घर नई दिल्ली कॉलोनी जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। जो उसके कमर में लगी है। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक कोलियरी में कोयला काटने का काम करता है। गोली किसने और क्यों चलाई, इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि पुलिस जांच में जूट गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एलटी स्कूल के एम समीप फुटबॉल ग्राउंड में असामाजिक तत्व बैठकर नशा सेवन करते हैं। जिनमें अधिकतर अवैध हथियार से लैस रहते हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि नशे में धुत युवकों के अवैध हथियार से फायरिंग हुई है और युवक को गोली लगी है।

## एम्स प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक, खुलेगा सेंट्रल स्कूल

**देवघर।** जिला प्रशासन द्वारा एम्स प्रबंधन को मुहैया कराई जाने वाली विभिन्न व्यस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, अग्निशमन व्यवस्था, एम्स परिसर हेतु यातायात की सुविधा, एम्स के हस्तांतिरत जमीन की घेराबंदी, एम्स के आसपास प्लान्ड डेवलपमेंट, सुरक्षा व्यवस्था के साथ विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे एम्स को जलापूर्ति कनेक्शन से जोड़ने के अलावा एम्स प्रांगण में अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने साथ एम्स के आसपास के क्षेत्रों में प्लांड वे में डेवलप्मेंट को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि अरबन डेवलपमेंट विभाग को पत्राचार करें, ताकि संबंधित विभाग द्वारा इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही एम्स के नजदीक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु सरकारी भवन चयनित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## पेज एक का शेष

### नकल रुकेगी, स्थानीय को...

**क्या है प्रावधान :** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) विधेयक 2023 में कुछ मामूली संशोधन के साथ ध्वनिमत से पारित की गयी। पहली बार कदाचार करने पर 3 साल की जगह 1 साल की सजा और दूसरी बार कदाचार करते पकड़े जाने पर 7 साल की जगह 3 साल की सजा होगी। बिल पर सीएम की सफाई पर विरोध करते हुए विपक्षी दल भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। बिल के सपोर्ट में सत्तापक्ष के विधायक भी वेल में आये। सदन का माहौल गरमा गया। इसके बाद विपक्षी विधायक वॉक आउट कर गये। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्रावधान के आलोक में झारखंड राज्य खाद्य आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन 2020-22 की प्रति सभा पटल पर रखा। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार 4 अगस्त को 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

### जन-जन के नायक...

मूसलाधार बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग जुटकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। वह हमेशा भू माफिया के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि जब सभी अपराधी पकड़े जायेंगे और उन्हें कड़ी सजा मिलेगी तभी सुभाष मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि मानी जायेगी। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि सुभाष मुंडा एक उभरता युवक था। इस कारण ही उन्हें इतनी कम उम्र में ही राज्य कमेटी का सदस्य बनाया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश मुंडा ने जबकि संचालन सुखनाथ लोहरा ने किया। मौके पर सुभाष के पिता ललित मुंडा, मां छोटन देवी, पत्नी कृति मुंडा, पुत्र बिरासत मुंडा के साथ केडी सिंह, निर्मला भगत, झामुमो के नंद किशोर मेहता, मुस्ताक आलम, कलाम आजाद, कांग्रेस के अजयनाथ शाहदेव, साथ ही दयामनी बरला, मधु मंसूरी, अजय कच्छप, अमर उरांव, कुशल उरांव, संगम उरांव, सोमनाथ उरांव, चिंतामणि गोप, कृष्णा गोप, कुंदरसी मुंडा, शिवशंकर उरांव, हेमंत गाड़ी, सुशांत उरांव, बिनोद तिर्की सहित कई पार्टी के लोग सहित रांची जिला के कई प्रखंडों के हजारों ग्रामीण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

### रोक हटी, ज्ञानवापी परिसर...

एएसआई टीम कल से फिर से सर्वेक्षण शुरू करेगी। अदालत ने कहा कि एएसआई का प्रस्तावित सर्वे न केवल न्यायहित में जरूरी है बल्कि यह पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए भी लाभकारी है। साथ ही विचारण अदालत को नतीजे पर पहुंचने में मददगार है। कोर्ट ने जिला जज वाराणसी के आदेश को उचित करार दिया है और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने प्रबध समिति अंजुमन इंतजामिया वाराणसी बनाम राखी सिंह व आठ अन्य की याचिका पर दिया है। **मस्जिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट गयी :** वहीं नयी दिल्ली में अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने एएसआइ सर्वेक्षण की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया।.अधिवक्ता निजाम पाशा ने तत्काल सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश अनुच्छेद 370 मुद्दे पर दलीलें सुनने वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं।

### पाक आतंकमुक्त माहौल...

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भारत से बातचीत के ऑफर पर कहा कि आतंक पर कार्रवाई होने के बाद ही बातचीत करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत के लिए शांति जरूरी है। आंतकमुक्त माहौल बनाना जरूरी है। पाकिस्तान में जारी गंभीर आर्थिक संकट के बीच शहबाज शरीफ एक अगस्त को भारत के साथ बातचीत की पेशकश की थी। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। हम अपने पड़ोसी देश से बात करने को तैयार हैं। पाकिस्तान को 1965, 1971 के बाद 1999 के कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमें तीनों में ही मुंह की खानी पड़ी थी। हाल के वर्षों में रिश्तों में कड़वाहट इस कदर बढ़ चुकी है कि दोनों देशों के बीच हर तरह की वार्ता बंद है। इस दौरान पाकिस्तान की खस्ता आर्थिक हालत का भी जिक्र किया।

### युवा सचेत रहें और...

प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सौम्या सिन्हा बर्मा ने लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पीसीओडी और डाइबिटीज के साथ साथ अधिकांश लड़कियां सर्वाइकल कैंसर से भी पीड़ित हो रही हैं। इसका मुख्य कारण जंक फूड और तैलीय पदार्थ के सेवन करना है। ऐसे में जिनके परिवार में डाइबिटीज रहा है, उन लड़कियों को सचेत रहने की जरूरत है उन्होंने लड़कियों से अपील की कि अगर शरीर में कोई परिवर्तन दिखे, दे तुरंत विशेषज्ञ से मिले। संस्था के सचिव पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि आस्था फाऊंडेशन लगातार इस तरह के कार्यक्रम राज्य भर में चला रहा है। जागरुक रहने की सबसे ज्यादा युवाओं को जरूरत है। डाइबिटीज जैसे साइलेंट किलर से बचाने की इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को अंग्रेजी विभाग के हेड डा विष्णु चंद्र महतो और एन एस एस हेड पुनम निगम ने भी संबोधित किया। अंत में युवाओं ने बहुत सारे प्रश्न किये, जिसे वहां उपस्थित डाक्टरों ने समाधान किया। कार्यक्रम में रांची विवि के कई प्राध्यापक और कर्मचारी भी शामिल थे।

# टाटा में बाढ़ का खतरा टला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ओडिसा सरकार ने अपने बंकाबल और खरकाई डैम के दोनों फाटक बंद कर दिए हैं। इसके चलते जमशेदपुर के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। इससे पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। आपको बता दें कि शाम 6:00 बजे आदित्यपुर खरकाई नदी पुल के पास खरकाई नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही थी। पुल के पास डेंजर लेवल 129 मीटर है जबकि खरकाई नदी आज 128.96 मीटर पर बह रही थी। इसी तरह मानगो पुल पर स्वर्णरिखा नदी खतरे के निशान से 121.50 मीटर की जगह 118.48 मीटर पर बह रही थी यानी दोनों नदियां खतरे के निशान से बह रही हैं, और फिलहाल बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। आज दिन में बारिश भी नाम मात्र की हुई है इससे भी नदी में उफान का खतरा कम हुआ है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रकृति प्रेमियों की डीएफओ संग बैठक

**बोकारो।** पर्यावरण प्रेमियों का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में बोकारो वन प्रमंडल के डीएफओ रजनीश रंजन से चास कार्यालय में मिला और बोकारो की विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया। बोकारो के विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों में सघन पौधरोपण कराने हेतु चर्चा की गई तथा जिले में भूमाफियाओं द्वारा वन भूमि को कब्जा किए जाने की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया गया। डीएफओ रजनीश रंजन ने पौधरोपण हेतु वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराने एवं वहां वन महोत्सव भी आयोजित करने हेतु अपनी सहमति देते हुए प्रतिनिधि मंडल के हर बात पर अपनी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, चास कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह बोकारो महिला कॉलेज के सचिव प्रो पीएल वर्णवाल, नशा मुक्ति अभियान के संयोजक लक्ष्मण शर्मा शामिल रहे।

## 3 अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

**दुमका।** छिनतई के मामले का महज 24 घंटे के अंदर उद्‌भेदन करते हुए सरैयाहाट पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। घटना को नकाबपोश अपराधियों ने जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चरका पाथर मोड़ के समीप रोशन शर्मा नामक युवक से छिनतई की घटना को बीते मंगलवार की शाम को अंजाम दिया था। रौशन से कुल 165000 रुपये की छिनतई कर अपराधी जब स्कॉर्पियो से भागने लगे तो रोशन ने ड्राइवर की तरफ स्कॉर्पियो के खिड़की में लटक गया और स्कार्पियो की चाबी छीन ली। जिसे देखते हुए दो अपराधी स्कॉर्पियो से उतरकर भागने लगा। जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्कॉर्पियो की चाभी छीनने के बाद चालक द्वारा रोशन को 80 हजार रुपये वापस किया गया। उस वक्त रौशन को लगा कि उसे सारा रकम वापस कर दिया गया तो उसने चालक को चाभी वापस कर दिया। जिसके बाद स्कॉर्पियो से तीन अपराधी भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया। एसआईटी में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को जगह-जगह छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। स्कॉर्पियो से भाग रहे अपराधियों का पीछा पुलिस द्वारा किया गया। गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के डांडे स्थित एक लाइन होटल के पास छापेमारी की की। एक अपराधी को स्कॉर्पियो के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# एक्सपायरी दवाओं में लगी आग, मची अफरातफरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहरी परिसर में गुरुवार को उस वक्त अफरातफरी का माहौल हो गया। जब लोगों ने देखा कि सलाइन और सिरप के बोतलों में आग लग गई है और वह काफी आवाज के साथ फट रहे हैं।इसके साथ ही वहां भारी मात्रा में टेबलेट और कैप्सूल भी जल रहे थे ।लोग हादसे के भय से वहां जाने से कतरा रहे थे ।इन दवाओं के जलवे का सिलसिला काफी देर तक चला बाद में जब शिकारीपाड़ा के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवानंद मिश्रा मौके पर पहुंचे तो उन्होंने जानकारी दी कि यह सभी दवा वर्षों एक्सपायर हो चुके हैं। एक निष्प्रयोजन कमिटी बनाकर यह निर्णय लिया गया था कि सभी एक्सपायरी दवाओं को एक गड्ढा खोदकर उसमें डाल दिया जाएगा और ऊपर से मिट्टी ढक दी जाएगी।इसी को लेकर काफी मात्रा में दवा को एक गड्ढे में डाला गया था लेकिन मिट्टी डालने के पहले ही किसी असामाजिक तत्व ने उसमें आग लगा दी।उन्होंने कहा कि दवा को तो नष्ट करना ही था पर उसे गड्ढे में डालना था हमलोग यह पता लगा रहे हैं ।

# भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण करने टीम के साथ पहुंचे टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन

टाटा वर्कर्स यूनियन कावंरिया संघ ने किया था आयोजन

इंदू सोनाली के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सावन के पवित्र महीने में टाटा वर्कर्स यूनियन कावरिया संघ ने 2 अगस्त 2023 को भगवान शिव के लिए भजन संध्या और महाभोग का आयोजन किया, टाटा स्टील के एमडी और सीईओ टी. वी. नरेंद्रन, टीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और डिप्टी शैलेश कुमार सिंह राष्ट्रपति ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और टीडब्ल्यूयू के महासचिव और टाटा वर्कर्स यूनियन कावरिया संघ के संरक्षक सतीश कुमार सिंह ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उनका अभिनंदन किया।



टीवी नरेंद्रन को सम्मानित करते यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह व अन्य।



भजन सुनातीं इंदू सोनाली।

देबाशीष चौधरी, टाटा स्टील के पीइओ, राजीव मंगल टाटा स्टील के वीपी सेफ्टी, पीयूष गुप्ता वीपी स्टील मार्केटिंग, टाटा स्टील, चाणक्य चौधरी वीपी कॉर्पोरेट सर्विसेज टाटा स्टील, चैतन्य भानु वीपी स्टील मैन्युफैक्चरिंग टाटा स्टील, रितु राज एमडी, टीएसयूआईएसएल (जुस्को), विनीत कुमार साह मुख्य विनिर्माण एलपी, संजय साहनी ईआईसी ट्यूब, सुधीर राय महाप्रबंधक टीएमएच, विनिता सिंह चीफ इंडोर मेडिकल सर्विसेज टीएमएच, मुकेश अग्रवाल चीफ एचआर स्टील और राहुल दुबे चीफ आईआर भी उपस्थित थे और उन्होंने अपनी उपस्थिति से इस शुभ अवसर की शोभा बढ़ाई और उन्हें टाटा वर्कर्स यूनियन कावड़ूय संघ द्वारा गुलदस्ता और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारी शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, सहायक। सचिव संजीव कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष, हरि शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष और लेखाकार, संजय सिंह उपाध्यक्ष, नितेश कुमार, सहायक। टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आरबीबी सिंह, रघुनाथ पांडे, पीएन सिंह, राकेश्वर पांडे और कई अन्य टाटा स्टील कॉर्पोरेशन अधिकारी और स्थानीय सरकार। इस मौके पर संगठन के लोग मौजूद रहे। भजन संध्या के शुभ अवसर पर इंदु सोनाली जी ने अपनी सुरीली आवाज और सत्यम शिवम सुंदरत, भोले जी को भावे बैल पतिया और कैलाशी जैसे गानों से समां बांध दिया।

